

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 295, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

**आज का मौसम** 41.0 अधिकतम तापमान | 34.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :03

कानपुर नगर, रविवार, 15 जून 2025




ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...14

**नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी**

# राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

## लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।


महेश कुमार


उत्कर्ष अवधिया

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।

### प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी

**बरेली।** नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।


यशस्वी कुमार

# राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

**मथुरा (उप्र), एजेंसी**

- 100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्धार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने दिया इस्तीफा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- शासन ने निकाले 15 निदेशक पद के लिए विज्ञापन

**अमृत विचारः** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बीच, शासन ने 15 निदेशकों के रिक्त पद के लिए विज्ञापन के जरिये आवेदन मांगें हैं। इसमें मध्यांचल निगम के इस्तीफा देने वाले निदेशकों के पद भी शामिल हैं। भीषण गर्मी व निजीकरण प्रक्रिया के बीच अचानक इस्तीफे से सवाल खड़े हो गए हैं।

इस्तीफा देने वालों में मध्यांचल निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चन्द्र अग्रवाल व निदेशक वित्त एमके बंसल शामिल हैं। दोनों निदेशकों ने अपने इस्तीफा निगमों के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल को भेजा है। सूत्रों के अनुसार अभी इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। इस पर विचार-विमर्श के बाद कॉरपोरेशन इसे शासन को भेजगा। इस बीच, कॉरपोरेशन की ओर से 15 निदेशकों का विज्ञापन निकाला गया है। इसमें मध्यांचल निगम के दोनों निदेशकों के पद के अलावा पावर कॉरपोरेशन के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कॉरपोरेट प्लानिंग, निदेशक आईटी, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, पूर्वांचल निगम के लिए निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, निदेशक वित्त, मध्यांचल निगम के निदेशक वाणिज्य, उत्पादन निगम के लिए निदेशक तकनीकी, निदेशक वित्त, पारेषण निगम के लिए निदेशक ऑपरेशन, निदेशक एसएलडीसी, निदेशक वाणिज्य एवं योजना शामिल हैं। मालूम हो कि कॉरपोरेशन में निदेशक वित्त व दक्षिणांचल निगम के निदेशक वित्त का चयन पूर्व में किया गया, पर दोनों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। ऐसे में निदेशकों के विज्ञापन को लेकर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। उधर, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी

**अमृत विचारः** श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।


ADMISSIONS OPEN 2025

VIT® BHOPAL
www.vitbhopal.ac.in

THE FUTURE IS YOURS...
It's time to AI
APPLY IMMEDIATELY



GET THE VIT BHOPAL EDGE
World-Class Faculty with Doctoral Expertise
Collaborative & Active Learning (CALTech™) Pedagogy
300+ Acre Green Campus
70+ MoUs with leading Global Universities
Diverse Cultural Environment with students from 32 States / Union Territories

PLACEMENT STATISTICS
₹52 LPA Highest CTC*
730+ Super Dream & Dream Offers*
Microsoft Placements 6 years in a row
CENTRALIZED PLACEMENT THROUGH VIT VELLORE

FUTURE READY 5-YEAR INTEGRATED M.TECH PROGRAMMES
(Admission after 10+2 | No Entrance Exam)
- M.Tech Artificial Intelligence
- M.Tech CSE (Computational & Data Science)
- M.Tech CSE (Cyber Security)
- M.Tech AI & Bioinformatics

ARCHITECTURE PROGRAMME
B.Arch - 5 years (Approved by COA)
Eligibility: Students with a valid score of NATA

UG PROGRAMME - B.B.A.
Regular (3 Years); Honours (4 Years);
Honours with Research (4 Years) as per NEP norms

FUTURE READY 2-YEAR PG PROGRAMMES
- M.Tech CSE (Cyber Security & Digital Forensics)
- M.Tech Artificial Intelligence & Data Science
- M.Tech VLSI Design
- M.B.A.
- M.C.A.

RESEARCH PROGRAMME - Ph.D
- Engineering
- Sciences
- Business Studies
- Humanities

*2024 Passed out Batch | Super Dream Offer - Above ₹10 Lakh CTC; Dream Offer - Above ₹5 Lakh CTC | Offers include FTE & Internship

VIT Bhopal University
Bhopal-Indore Highway, Kothrikalan, Sehore, Madhya Pradesh 466 114.
admissions@vitbhopal.ac.in

Admission Helpline:
70241 81822
07560-350900 / 901 / 902

To interact and know more type "VIT" and WhatsApp to +91 70242 40878

Scan to interact and know more

# वक्फ कानून के खिलाफ अब उत्तर प्रदेश में इंट्री

**पर्सनल लॉ बोर्ड**

- कई मुस्लिम एवं गैर मुस्लिम संगठन लखनऊ में मीटिंग करेंगे आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अगुवाई में संगठनों ने विरोध जताया। कई प्रांतों में वक्फ कानून के खिलाफ आंदोलन चला रहा बोर्ड अब उत्तर प्रदेश में अभियान शुरू करेगा।

वक्फ कानून के आंदोलन को उत्तर प्रदेश में कैसे धार दी जाए, इसको लेकर रविवार 15 जून को लखनऊ में एक अहम मीटिंग होने जा रही है। जिसमें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, जमाअत इस्लामी, जमीअत अहले हदीस के अतिरिक्त कई गैर मुस्लिम संगठन भाग लेंगे। ये मीटिंग कहां होगी, इसको गुप्त रखा गया है। इस संबंध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि रविवार को लखनऊ में मीटिंग होगी जिसमें मुस्लिम व गैर मुस्लिम कई संगठन शामिल होंगे।

# डीएम ने सीएमओ को बैठक से वापस किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीएम को अपशब्द कहने वाले वायरल ऑडियो के बारे में पूछा
- कहा, अगर फेक ऑडियो है तो पहले जाएं एफआईआर दर्ज कराएं
- सीएमओ का बताया जा रहा ऑडियो, सीएमओ ने किया इन्कार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की कार्यशैली को लेकर वायरल एक ऑडियो जिले में चर्चा का विषय बना है। ऑडियो सीएमओ का बताया जा रहा है लेकिन सीएमओ इसे एआई का बताकर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह सीएम डैशबोर्ड की बैठक ले रहे थे। उन्होंने वहां मौजूद सीएमओ हरिदत्त नेमी से वायरल ऑडियो के बारे में सवाल किया। जवाब में सीएमओ ने कहा कि ऑडियो एआई से निर्मित है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अगर फेक ऑडियो है तो जाएं पहले रिपोर्ट दर्ज कराएं, फिर बैठक में आएं। इस पर सीएमओ बैठक से चले गए। वहीं सीएमओ का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ऑडियो की जांच कराने की बात कहते दिख रहे हैं।

दो-तीन दिन से एक ऑडियो वायरल हो रहा है जो सीएमओ का बताया जा रहा है। इसमें जिलाधिकारी को अपशब्द कहे गए हैं। हालांकि सीएमओ ने ऑडियो को फेक बताया है। ऑडियो में कोई जिलाधिकारी के लिए कह रहा है कि ये पहले मीडिया में रहा है। मीडिया वालों की आदत होती है कि इतनी सी बात को इतना करके बताना। बिना वजह के बीच-बीच में कहानी सुनाना। बहुत बोलता है। 20 मिनट की मीटिंग दो घंटे में खत्म होती है। उसी बीच दुनिया भर की कहानी, किस्से, जाने क्या-क्या सुना डालेगा। महिलाएं चिड़चिड़ाने लगी हैं। बहुत ड्रामा करता है। इसके बाद जुगाड़ की बात करने लग जाते हैं।

बातचीत के दौरान दूसरा व्यक्ति बोलता है कि सर जुगाड़ नर्सिंगहोम है। चलिए देखिए। इस पर बोलते हैं कि अभी तक इधर-उधर लगे रहे, अब उधर भी दौड़ाऊंगा। यह वायरल ऑडियो की कुछ बातचीत है। जिस पर शनिवार को नवीन सभागार में भी चर्चा हुई। सुबह करीब 11 बजे से जिलाधिकारी सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक ले रहे थे, जिसमें सभी अधिकारी पहुंचे। सीएमओ हरिदत्त नेमी व एसीएमओ भी पहुंचे। बैठक शुरू हुई और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा का नंबर आया, तभी जिलाधिकारी ने सीएमओ को देखकर कहा कि सीएमओ साहब एआई क्या है। इस पर सीएमओ ने कहा कि सर फेक ऑडियो है। किसी ने एआई से बनाकर वायरल किया है। यह सुनकर जिलाधिकारी ने कहा कि आप जाएं और जांच कराएं। फेक ऑडियो है तो एफआईआर दर्ज कराएं। इसके बाद सीएमओ बैठक से चले गए।

## सार-संक्षेप

### कोई गाड़ी में बैठाकर ले जा रहा है, बचा लो पापा



लापता छात्रा।

**कानपुर।** रावतपुर के केशवपुरम में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा कोचिंग से नहीं लौटी। उसके पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता का कहना है कि उनकी बेटी से फोन पर बात हुई। उसने कहा कि कोई गाड़ी में बैठाकर उसे ले जा रहा है। बचा लो। उसके बाद से बेटी फोन स्विच ऑफ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रावतपुर के राणा प्रतापनगर निवासी संतोष कुमार मेट्रो में ठेकेदार के अधीन काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह किराए पर रहते हैं और उनकी बेटी भी उनके साथ रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। रोज की तरह बेटी कोचिंग गई थी, लेकिन बुधवार शाम वह घर नहीं लौटी। उसका करीब शाम छह बजे फोन आया। बोली कि पापा मुझे बचा लो, मुझे कुछ लोग गाड़ी से ले जा रहे हैं। संतोष ने कहा कि देखो आसपास कुछ लिखा होगा। इस पर बेटी बोली कुछ समझ नहीं आ रहा है। इसके बाद फोन कट गया। तबसे फोन स्विच ऑफ है। उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा को तलाशने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रयागराज से वाया कानपुर, बरेली, लालकुआं तक ट्रेन

**कानपुर।** गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने प्रयागराज से कानपुर सेंट्रल, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बरेली होते हुए लालकुआं तक साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन में सामान्य कोच 4, स्लीपर कोच 5, थर्ड एसी 2, सेकेंड एसी 2, फर्स्ट एसी 1, तृतीय श्रेणी इकॉनामी 2 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 04117 प्रयागराज से 19 जून से 31 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को रात 11.30 बजे रवाना होगी। फतेहपुर शुक्रवार रात 1 बजे, कानपुर सेंट्रल रात 3.30 बजे, कन्नौज 4.48 बजे, फर्रुखाबाद 5.55 बजे, कासगंज सुबह 7.30 बजे, बदायूं 8.50 बजे, बरेली जंक्शन 9.50 बजे, इज्जतनगर 10.30 बजे, बहेड़ी 11.23 बजे, किच्छा 11.40 बजे, लाल कुआं जंक्शन दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04118 लाल कुआं से 20 जून से 1 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2.50 बजे चलेगी। किच्छा दोपहर 3.15 बजे, बहेड़ी 3.35 बजे, इज्जतनगर सायं 4.25 बजे, बरेली सिटी 4.55 बजे, बरेली जंक्शन सायं 5.15 बजे, बदायूं 6.05 बजे, कासगंज 7.10 बजे, फर्रुखाबाद रात 9.05 बजे, कन्नौज रात 10.10 बजे, कानपुर सेंट्रल रात 11.35 बजे, फतेहपुर रात 00.58 बजे और प्रयागराज जंक्शन भोर 4.30 बजे पहुंचेगी।

# गंगा में नाले गिराने का पाप शासन पहुंचा, होगी जांच

## सांसद रमेश अवस्थी बोले, जल निगम के अफसरों के साथ करेंगे निरीक्षण, गंगा में गंदा पानी बहाते कर्मचारी कैमरे में हुए थे कैद

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



गंगा में गिरता एयरफोर्स नाला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा को दूषित कर रहे नालों से जुड़ी अमृत विचार की खबर का सांसद रमेश अवस्थी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने इस भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए शासन को पत्र भेजा है। जांच कराएंगे और साथ ही खुद ही निरीक्षण करने निर्णय लिया है। सांसद ने कहा कि वह जलनिगम के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण करेंगे। जो दोषी होगा उसपर कार्रवाई तय है।

गंगा सफाई के नाम पर अब तक 1400 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। गंगा एक्शन प्लान, जवाहर लाल नेहरू नेशनल अरबन रिन्यूवल, नमामि गंगे, अमृत योजना के तहत यह धनराशि खर्च की गई लेकिन गंगा की स्थिति बदहाल है। नालों के टैपिंग प्वाइंट से चोरी-छिपे पंपिंग स्टेशन चलाने वाली कंपनी सीवर को गंगा में प्रवाहित कर रही है। इसके साथ ही अनटेप नालों में बायोरेमिडिएशन में लापरवाही भी गंगा के पानी की मुसीबत बढ़ा रही है। कंपनी की लापरवाही को खुद मंडलायुक्त से लेकर जांच में लगे अधिकारी पकड़ चुके हैं। कंपनी पर इस मामले में कई बार जुर्माना भी लगा है। लेकिन, कंपनी के रवैया नहीं बदल रहा है। गंगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की जांच में भी गंगा के पानी में टीडीएस की मात्रा अधिक मिल चुकी है। इसके साथ ही फीकल भी मिला है जो गंगा के साथ ही आम लोगों की सेहत के लिये खतरनाक बताया जा रहा है। क्योंकि, जलकल गंगा से ही रॉ वॉटर लेता है इसलिये गंगा के पानी को दूषित करने से रोकना जरूरी हो गया है।

### परमट में बहाया था सीवर

- पिछले दिनों गंगा में रात के अंधेरे में वॉल खोलकर सीवर को गंगा में कर्मचारियों ने बहाया था। ऐसा करते कर्मचारी अमृत विचार के कैमरे में कैद हो गये थे। नगर आयुक्त सुधीर कुमार को मामले की जानकारी हुई तो देर रात ही अफसरों में हड़कंप मच गया। दूसरे दिन जलनिगम के प्रोजेक्ट से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें सीवर को बहाने की बात सच भी मिली। अब इस मामले में सांसद रमेश अवस्थी ने संज्ञान लिया है।

### 6 नाले अभी भी अनटैप्ड

गंगा नदी के 18 नालों में 11 नाले टैप्ड हैं। 6 अनटैप्ड एवं 1 नाला बरसाती है। टैप्ड नालों से चोरी छिपे तो अनटैप्ड नालों में हो रही बायोरेमिडिएशन के कार्य में लापरवाही की जा रही है। इससे गंगा में सीवेज जा रहा है।







अमृत विचार ने गंगा में सीवर बहाने का किया था खुलासा। अमृत विचार




जांच में सीवर बहाने की बात सच हुई थी।

**1400** करोड़ खर्च हो चुके गंगा सफाई पर

**18** नालों में 11 नाले टैप्ड किए जा चुके हैं

**06** अनटैप्ड नालों में बायोरेमिडिएशन का कार्य



"गंगा में नाला गिरने की सूचना मिली है। इस मामले में जल निगम की प्रदूषण नियंत्रण इकाई के अफसरों से बात करूंगा। नाले गिरने के लिए जो दोषी हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई हो यह सुनिश्चित करूंगा।

– अरुण पाठक, एमएलसी



शासन को पत्र के जरिये शिकायत भेजी है। जल्द जल निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर जांच करेंगे। जो भी अधिकारी व कर्मचारी दोषी है बख्शा नहीं जाएगा।"

– रमेश अवस्थी, सांसद

# हीट स्ट्रोक से चार और लोगों की हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हीट स्ट्रोक से चार और लोगों की मौत हो गई। सीसामऊ व चमनगंज में तेज धूप के कारण दो बुजुर्ग चकराकर गिरे। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने मृत बताया। वहीं महाराजपुर में ओला चालक व फजलगंज में ड्यूटी से लौटे फैक्ट्री कर्मी की हालत बिगड़ी। हैलट में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने लू लगने की आशंका से मौत होना बताया है। शुक्रवार को भी हीट स्ट्रोक से पांच लोगों की जान गई थी।

मूलरूप से रायबरेली के लालगंज बैसवारा निवासी 70 वर्षीय कालीदीन सीसामऊ में जेके जूट मिल के पास किराये पर रहते थे। परिवार में पत्नी व दो बेटे राकेश, सुमेर हैं। भतीजे अनिल ने बताया कि घरवाले गांव में रहते हैं। कालीदीन यहां मोची का काम करते थे। शुक्रवार शाम वह होटल से खाना लेने जा रहे थे, तभी सड़क पर बेहोश होकर गिर पड़े। पुलिस ने हैलट में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। इसी तरह मूलरूप से रायबरेली के गुरुबख्शगंज के रहने वाले 63 वर्षीय बुद्धी लाल चमनगंज में रहते थे। शुक्रवार देर शाम उनका शव अजमेरी चौराहा के समीप पास पड़ा मिला। वहीं महाराजपुर में नौबस्ता के रहने वाले 27 वर्षीय ओला चालक पंकज बाथम की शुक्रवार को अचानक हालत बिगड़ गई। पिता राम खिलावन ने बताया कि किसी काम से अपने दोस्त शिवम और राजकुमार के साथ सरसौल गया था। वहां से लौटते समय सरसौल में उसकी तबियत खराब हो गई। दोस्त उसे सरसौल सीएचसी फिर कांशीराम ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चौथी घटना फजलगंज की है। हरदोई के ताजपुर निवासी 35 वर्षीय अंकित तिवारी गड़रियनपुरवा में रहकर एक फैक्ट्री में काम करता था। मौसेरे भाई सुशील मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को ड्यूटी से आने के बाद उसने घर का काम निपटाया। इसके बाद सो गया। अगले दिन नहीं उठा। हैलट ले गए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सुशील ने लू से मौत की आशंका जताई है। अंकित के परिवार में मां संतोष, पत्नी संध्या, बेटा वीरु हैं, जो गांव में रहते हैं।

# लिव इन में रह रहे युवक ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने कहा, महिला बना रही थी शादी का दबाव

**अमृत विचार।** महिला ने लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बाद शादी का दबाव बनाया तो युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची गोविंदनगर पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

गोविंदनगर कच्ची बस्ती निवासी 44 वर्षीय दिनेश कुमार दिवाकर दादानगर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करते थे। परिवार में मां शांति और भाई मुकेश है। परिजनों ने बताया कि दिनेश 13 साल से एक महिला के साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। जिसके दो बच्चे भी हैं। वह महिला के साथ पति-पत्नी की तरह रहता था। महिला बीते कई माह से उस पर शादी का दबाव बना रही थी। जिस पर दिनेश कुछ समय और इंतजार करने की बात कहकर टाल देता था। उनके बीच अक्सर इसी बात को लेकर झगड़ा होता था। जिसको लेकर वह मानसिक तनाव में था। शुक्रवार को भी दोनों के बीच में विवाद हुआ। जिसके बाद शनिवार सुबह दिनेश का शव उसकी ही बेल्ट के सहारे फंदे से लटका मिला। गोविंदनगर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों से कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत करेगा तो कार्रवाई की जाएगी।

# मेयर काउंसिल की बैठक में भाग लेंगी

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय रविवार से पंचकूला में शुरू होने जा रही आल इंडिया मेयर एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में भाग लेंगी। बैठक 15 और 16 जून को होगी। इसमें अलग-अलग शहरों के मेयर भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। अमरावती एन्क्लेव में होने जा रही इस मेयर कान्फ्रेंस का आयोजन पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल द्वारा किया गया है। मेयर कान्फ्रेंस का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस बैठक में प्रमुख तौर पर देवास में हुई पिछली बैठक के बारे में चर्चा होगी। राज्य स्तर पर मेयरों के अधिकार और जनहित में विकास कार्य करवाने में आ रही बाधाओं पर विचार होगा, बढ़ती जनसंख्या और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी।

# मनमाने बिलों का विरोध करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों ने बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा
- ई-कॉमर्स पर संघर्ष को तेज करने का ऐलान किया

**अमृत विचार।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से शनिवार को आचार्य नगर कार्यालय में बैठक हुई। इसमें व्यापारियों को नगर निगम की ओर से भेजे जाने वाले मनमाने बिल का मुद्दा उठा। तय किया गया कि इसका विरोध किया जाएगा। बैठक में ई-कॉमर्स के विरोध में भी संघर्ष को तेज किए जाने का आह्वान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान नगर निगम की ओर से मनमाने तरीके से भेजे जा रहे बिलों, बिजली कटौती, फूड विभाग द्वारा रेहड़ी पटरी दुकानदारों को लाइसेंस के नाम पर उत्पीड़न जैसी समस्याएं शामिल रहीं। ई-कॉमर्स से तबाह हो रहे छोटे कारोबार को देखते हुए स्थानीय उत्पाद स्थानीय व्यापार एवं स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लोकल फॉर वोकल का सभी बाजारों में सघन जनजागरण जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाई गई। बैठक में अहमदाबाद के प्लेन क्रैश हादसे में दिवंगत हुए सभी यात्रियों की आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम का संचालन कृपा शंकर त्रिवेदी ने किया। विजय पंडित, मणिकांत जैन, सुनील बजाज, रामेश्वर लाला, देवी खन्ना, राम किशोर मिश्रा, राकेश सिंह, सत्य प्रकाश जायसवाल, निर्मल त्रिपाठी, गीता गुप्ता, अनुपम जैन, जमुना प्रसाद आदि थे।



बैठक को संबोधित करते मुकुंद मिश्रा। अमृत विचार

**तैयारी** तीन शिफ्टों में अधिकारी व कर्मचारी रखेंगे नजर, 5 की तैनाती की गई

# सीसामऊ नाले के पास नहीं भरेगा पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बरसात में टैपिंग प्वाइंट के गेट को समय से खोलने की होगी जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** सीसामऊ नाले के टैपिंग प्वाइंट पर लगे गेट को बरसात में समय से न खोलने की वजह से आधा ग्वालटोली डूब जाता है। वीआईपी रोड पर भी पानी आ जाता है। इस समस्या को दूर करने के लिये इस बार 5 कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारी 24 घंटे शिफ्ट वार नाले पर नजर रखेंगे। बरसात होने पर समय से चैनल (गेट) खोलने की जिम्मेदारी इनपर होगी ताकि नाले का पानी ओवरफ्लो कर क्षेत्रों में भर पाए। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी इसकी मॉनीटरिंग करेंगे।

शहर में तेज बारिश के बाद सीसामऊ नाला भी ओवरफ्लो हो जाता है। नाले में पानी का लोड बढ़ने की वजह से भैरोघाट एसपीएस में आपातकाल में पानी को गंगा में ही गिराना पड़ता है।

बरसात के पानी को शहर से बाहर निकालने के लिये सीसामऊ के टैपिंग प्वाइंट पर लगे गेट को समय से न खोलने की वजह से ग्वालटोली, सिविल लाइंस के कई मोहल्ले डूब जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिये सीसामऊ नाले पर आरपीएच के पास बनाये गये गेट को खोलने के लिये कर्मचारियों की तैनाती अभी से कर दी गई है। 5 कर्मचारी सुबह 6 बजे से दूसरे दिन सुबह तक 3 शिफ्टों में कार्य करेंगे।



सीसामऊ नाला से बरसात में आपात स्थिति में पानी छोड़ा जाता है। अमृत विचार

### इस तरह से लगाई गई ड्यूटी

आउटसोर्स तकनीकी सहायक सुनील कुमार, सुपरवाईजर कृष्ण पाल को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक नाले के गेट खोलने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह मेट संतोष कुमार पांडेय, सुपरवाईजर रमकांत पांडेय को 2 से रात 10 बजे तक और तकनीकी सहायक ब्रजेश कुमार और कर्मचारी मुस्तफा को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बरसात के समय तैनात किया गया है। इसके साथ ही अवर अभियंता और सहायक अभियंता भी जलभराव की निगरानी करेंगे।

# एटीएम से छेड़छाड़ कर 2.80 लाख रु. निकाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पैसे जमा करने वाले एटीएम में नोट लगाया और जाने से पहले खींचा

**अमृत विचार।** एटीएम बूथ पर कार्ड बदलकर रुपये निकालने की घटनाएं आम हैं, लेकिन बजरिया में बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम से छेड़छाड़ कर 29 दिन में 2.80 लाख रुपये निकाल लिए गए। एटीएम कर्मियों के अनुसार शातिरों ने एटीएम से पैसे निकालने का नया तरीका भी खोज लिया है। पैसों के मिलाने पर जब इसका खुलासा हुआ तो एटीएम की देखरेख करने वाली कंपनी के कर्मचारी ने थाने में तहरीर दी है। बजरिया पुलिस के अनुसार नौघड़ा निवासी घनश्याम ओमर हिटाची पेमेंट सर्विसेज कंपनी में कर्मचारी है। उन्होंने पुलिस से शिकायत में बताया कि कंपनी के पास पीरोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम का मेंटीनेंस का काम है। वहीं बैंक के बाहर लगे एटीएम में रुपये जमा करने और निकालने वाली मशीन लगी है। आरोप है कि बीती 22 मार्च से दो अप्रैल के बीच एटीएम मशीन से छेड़छाड़ की गई है। उससे 2.80 लाख रुपये निकाले हैं। यह भी आशंका जताई की आरोपियों ने रुपये जमा करने वाली मशीन में रुपये डालने के बाद पैसे अंदर जाए उससे पहले ही निकाल लिए हैं। साथ ही बैंक से शिकायत कर खाते में भी रुपये वापस लिए हैं। बजरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**खरीद-फरोख्त**

तीन मंजिला मकान बिकाऊ है। **कीमत 65 लाख**, पता–विशाल खण्ड 1/568 कार्नर पार्क फेसिंग (विशाल खण्ड–1) गोमतीनगर, लखनऊ में, मो0– 9532737373

**सूचना**

सूचित हो कि मै **जमीला खातून पत्नी अशरफ अली निवासी– 12/10, बस्ती राम कटरा मोहल्ला काकोरी लखनऊ,** मेरे पुत्र अशलम, पुत्रवधु सुमैला, पौत्र अफवान, हमजा, हिरजा को मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। अशलम तथा पुत्रवधु सुमैला के गलत चाल चलन व घर में कलह पैदा करके यह लोग मेरी सम्पत्ति को तबाह व बर्बाद कर रहे हैं। इस कारण मैं उन्हें बेदखल कर रही हूँ। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्यों का उक्त लोगों का कोई लेना देना व सरोकार नहीं है। उनके द्वारा किये गये कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विशाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी–ग्राम अजीटन खेडा पो0 व थाना काकोरी लखनऊ** का हूँ। मैनें सन् 2015– 2016 में विघालय एम0 एल0 पाल0 वी0– एच0एस0एस0 जी0 तालाब मोहान रोड लखनऊ से हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीण की थी। जो मैं अपने गांव अजीटन खेड़ा से आलमबाग की ओर जा रहा था तभी रास्ते में जिसका जिसका रोल नं0–1378531 है। हाई स्कूल का अंकपत्र (मार्कशीट) व अन्य दस्तावेज वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री बी0 डी0 श्रीवास्तव मकान संख्या 3/428, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** का निवासी है। मेरे प्लाट संख्या 1/26, विभव खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की ओरिजनल रजिस्ट्री जिसका नं0 (IN-UP00923833610567N) दिनांक 28.02.2015 वास्तव में खो गयी है। अगर किसी व्यक्ति को यह मिलती है तो कृपया **मो0–979470002** पर सम्पर्क करें।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SWALIYA QURAISHI W/O RAJ BABU था। जो कि आज दिनांक 25/05/2025 को मैने अपना नाम बदलकर SHWALIYA W/O RAJ BABU रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। निवासी मोहला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उ0 प्र0।

**सूचना**

मेरा एक पुत्र खलीक अहमद जो 15 साल पहले दिल्ली चला गया था आज तक उसका कोई पता नहीं है। मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसको व उसके परिवार को बेदखल करता हूं। यदि उससे कोई लेनदेन करता है। तो उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रफीक उल्ला सिद्दीकी मुहल्ला – नजरबाग कुलपहाड़ जिला महोबा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं पूजा देवी पत्नी विश्राम सिंह निवासी ग्राम दारापुर पो0 बरहुआ मल्लावां तह0 बिलग्राम जिला हरदोई। मेरा खाता/बीमा जिसकी सं0–55769 में मेरा नाम अलका देवी दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पूजा देवी दर्ज है। यहकि पूजा देवी एवं अलका देवी एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि मेरे ही है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वेदांत गुप्ता उर्फ अमन पुत्र अविनाश चन्द्र गुप्ता, निवासी के0के0सी0 कॉलोनी, थाना–हुसैनगंज, जनपद– लखनऊ के रहन–सहन, स्वभाव एवं चाल–चलन से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे–बुरे कार्य या किसी भी लेन–देन या किसी भी प्रकार की लिखा–पढ़ी आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की न होगी। **अविनाश चन्द्र गुप्ता आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र राम सजीवन, निवासी–के0के0सी0 कॉलोनी, थाना हुसैनगंज, जनपद– लखनऊ**




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 295, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



कानपुर नगर, रविवार, 15 जून 2025


**आज का मौसम** 41.0° अधिकतम तापमान | 34.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :03

ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...14



आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

## देश को मिले 419 जांबाज अफसर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

**अमृत विचारः** भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

## मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

### एक नजर

#### सुहास शेट्टी हत्याकांड की जांच एनआईए के हवाले

**मंगलुरु।** एनआईए की एक टीम हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंची। शेट्टी की एक मई को दक्षिणी कन्नड जिले के मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में हत्या कर दी गई थी। एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया है। मंगलुरु पुलिस ने एनआईए टीम के आगमन की पुष्टि की और कहा कि प्रारंभिक जानकारी नगर अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में यह मामला एनआईए को सौंपा था।

#### प्रधानमंत्री 20 को तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

## विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 11 शव के डीएनए मैच

### मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- ब्रिटेन ने अहमदाबाद में सहायता केंद्र किया स्थापित

अहमदबाद/नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 280 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 11 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। वहीं, एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए अब तक 11 लोगों के शव के डीएनए का मिलान उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए से हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ सरकारी चिकित्सक ने बताया कि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है इसलिए डीएनए जांच कर रहे हैं। आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।



अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

#### एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

## तेल अवीव पर मिसाइलों की बौछार, 3 की मौत, 60 घायल

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की

ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।



इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

#### इजराइल ने कहा- ईरान ने अब मिसाइल दागी तो तेहरान हो जाएगा तबाह

**दुबई।** इजराइल के रक्षा मंत्री कात्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान तबाह हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। ईरान ने रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

## 60,244 सिपाहियों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

- गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को अंजाम तक पहुंचाएंगे। रविवार को दोपहर 12 बजे आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस में भर्ती 60,244 अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया है।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते योगी।

सुरक्षा से लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस-शासन के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करके व्यवस्थाएं परखी। गर्मी से बचाव के लिए पंडाल, पेयजल, कूलर, पंखे, स्वास्थ्य कर्मी-दवाएं समेत जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।

#### लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन

कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ नहीं आ सकेगा।

## एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

## दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन




**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

## बिजली संकट : 32 हजार मेगावाट पहुंची मांग

### ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके बिजली संकट की चपेट में, जनता बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके भी बिजली संकट की चपेट में हैं। बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पर पहुंचने के आसार बन गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 31,214 मेगावाट दर्ज की गई। शाम के वक्त प्रदेश में औसतन 30 हजार मेगावाट मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 7148 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही थी, जबकि मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब पांच सौ मेगावाट आपात बिजली कटौती की जाती रही।

#### इकाइयां ठप होने से 4361 मेगावाट उत्पादन घटा



सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों उत्पादन निगम की आठ इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गई हैं। इनमें अनपरा लैंको की 600 मेगावाट, अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट, टांडा की 110 मेगावाट, घाटमपुर व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक और ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों के ठप होने से कुल 4361 मेगावाट उत्पादन घट गया है। इससे आपात बिजली कटौती की जा रही हैं। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात बढ़ाकर स्थिति काबू करने का प्रयास जारी है। दूसरी ओर, स्थानीय खराबियों के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने व घंटो गायब रहने का सिलसिला जारी है। गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल हो रहे हैं।

## अमेरिकी सांसदों को घर में घुसकर मारी गोली, दो की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

## प्रेमिका को बांका मार की खुदकुशी

संवाददाता, रनियां (कानपुर देहात)

- कानपुर देहात के रनियां में वारदात, कन्नौज से मिलने आया था प्रेमी
- दोनों साथ जागरण कार्यक्रमों में जाते थे, युवक का घर आना-जाना था

**अमृत विचारः** कन्नौज से रनियां में प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी ने शनिवार सुबह नोकझोंक के बाद बांके से हमला कर प्रेमिका को घायल कर दिया। पुलिस के पहुंचने व ग्रामीणों से खुद को घिरते देख प्रेमी ने तमंचे से कनपटी पर खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। एसपी, थानेदार, डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम गांव पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी रनियां क्षेत्र में अपने ननिहाल में परिवार के साथ रहती थी। वह जनपद कन्नौज के गुरसहायगंज क्षेत्र के भवानीपुर निवासी कुंदन गोस्वामी (22) के साथ जागरण कार्यक्रमों में जाती थी। इस बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। युवक का किशोरी के घर आना-जाना था। शनिवार सुबह कुंदन किशोरी से मिलने के लिए उसके घर आया था। इसी दौरान उसकी किशारी से नोकझोंक होने लगी। जिसके बाद उसने किशोरी के सिर पर बांके से हमला कर घायल कर दिया। परिजनों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस व ग्रामीणों से खुद को घिरते देखकर उसने प्रेमिका के घर से करीब 50 मीटर दूर तमंचे से खुद की कनपटी पर गोली मार ली। जिससे कुंदन की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर एसपी अरविंद मिश्र, रनियां थानेदार संजय कुमार, फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वायड गांव पहुंचा। रनियां थाना प्रभारी ने बताया कि घायल किशोरी को मेडिकल कालेज भेजा गया है। घटनास्थल से एक तमंचा, एक बांका, दो मोबाइल फोन व एक घड़ी बरामद की गई है। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजनों की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सवा लाख में मात्र 7000 ई रिक्शे ही पंजीकृत

अंधेरनगरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में सवा लाख से अधिक ई रिक्शे यातायात को चौपट किए हैं लेकिन नगर निगम, पुलिस द्वारा चलाए गए पंजीयन अभियान में मात्र 7000 ई रिक्शे ही पंजीयन कराने के लिए पहुंचे। बाकी ई रिक्शों के स्वामियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। इन ई रिक्शों की फिटनेस बिल्कुल शून्य है।

यदि आपके पास कोई कामर्शियल वाहन है तो हर दो साल में संभागीय परिवहन अधिकारी या आरआई से उसकी फिटनेस कराना पड़ती है लेकिन शहर में बिना मानक दौड़ रहे सवा लाख ई रिक्शों में 60 प्रतिशत ई रिक्शों में हेड लाइट तक नहीं है। ये रात के अंधेरे में बिना हेड लाइट दौड़ते हैं और किसी को भी टक्कर मार देते हैं। इनकी स्पीड रात में और बढ़ जाती है, कहां कब और कैसे ई रिक्शे को चालक मोड़ दे, कुछ नहीं कहा जा सकता। ये ई रिक्शे बैट्री चालित होते हैं, लिहाजा इनमें कोई आवाज भी नहीं होती है। ऐसा नहीं है कि ई रिक्शों के लिए फिटनेस का नियम नहीं है लेकिन इनमें कितने ई रिक्शे फिटनेस कराते हैं, ये एक पहेली है। बिना फिटनेस दौड़ रहे ई रिक्शों पर न आरटीओ विभाग कार्रवाई करते हैं न ट्रैफिक पुलिस इन्हें पकड़ती है। महीनों से कागजों पर कार्रवाई चल रही है।



न लाइट, न हार्न। फिर भी सड़क पर।

- रात में बिना हेड लाइट फर्राटा भर रहे ई रिक्शा, फिटनेस न के बराबर
- शहरभर में ई रिक्शे बने यातायात के लिए मुसीबत, कैसे रुकेगी अराजकता

**1.25** लाख से ज्यादा रिक्शे दौड़ रहे शहर में

**60%** ई रिक्शों में हेड लाइट तक नहीं

**48** हजार ई रिक्शे पंजीकृत हैं आरटीओ में

### यहां शाम को निकलना मुश्किल, मारपीट पर उतारू

- रूपम चौराहा से बेकनगंज, तलाक महल होते हुए यतीमखाना, परेड खड़खड़ा वाले चौराहा तक, परेड से मूलगंज होते हुए घंटाघर तक, घंटाघर से किदवई नगर चौराहा तक, किदवई नगर चौराहा से यशोदा नगर मछरिया तक, किदवई नगर चौराहा से बारादेवी, जूही परमपुरवा, गोविंदनगर, फजलगंज, रावतपुर तक इनकी धमाचौकड़ी देखने लायक रहती है। रात के अंधेरे ये ई रिक्शे आपको तेज गति से दौड़ते हुए मिल जाएंगे जिनमें हेडलाइट से लेकर हार्न तक नहीं होता है। विरोध करने पर चालक मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।



घंटाघर में पूरी सड़क घेरकर खड़े रिक्शे यातायात के लिए नासूर हैं। अमृत विचार

सभी ई रिक्शों को हर दो साल में फिटनेस कराना अनिवार्य है। जो ई रिक्शे बिना मानक दौड़ रहे हैं, उनके खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ में लगभग 48,000 ई रिक्शे पंजीकृत हैं।

–आलोक कुमार सिंह, सहा. संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)

## एक नजर

### चिड़ियाघर के जल्द खुलने की उम्मीद जागी

**कानपुर।** बर्ड फ्लू के कारण मुसीबत में आए कानपुर प्राणि उद्यान के पशु, पक्षियों की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद अब चिड़ियाघर के खुलने के आसार पैदा हो गए हैं। कानपुर प्राणि उद्यान की निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि लैब से सारी जांच की रिपोर्ट आ चुकी हैं, अब कोई समस्या नहीं है, जल्द ही प्राणि उद्यान को खोला जाएगा। बताते चलें कि बीते माह गोरखपुर चिड़ियाघर से इलाज के लिए कानपुर प्राणि उद्यान लाये गए बब्बर शेर के साथ ही एक बतख, एक मोर की भी मौत हो गई थी। तभी से चिड़ियाघर बंद पड़ा है।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाएगी जमीअत

**कानपुर।** जमीअत उलमा हिंद ने एक सर्वे में दावा किया है कि बड़े पैमाने पर मुसलमानों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। विशेषकर युवाओं के नाम की इंट्री मतदाता सूची में नहीं है और तमाम ऐसे मतदान पहचानपत्र हैं जिनमें इतनी गलतियां हैं कि मतदाता अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाता। ऐसे में जमीअत उलमा ने अपनी टीम को प्रत्येक जिले में लगाकर मतदाता पहचानपत्र बनवाने की तैयारी की है। उत्तर प्रदेश जमीअत उलमा के प्रदेश महासचिव एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने बताया कि जल्द ही युवाओं के नाम मतदाता सूची में अंकित करवाने के लिए अभियान चलेगा।

पूरे देश में हिस्सेदारी के मामले में प्रदेश में लखनऊ के बाद कानपुर का नाम शुमार

# शहर का म्यूच्युअल फंड कारोबार पहुंचा 36 हजार करोड़ रुपये पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर का म्यूच्युअल फण्ड कारोबार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। म्यूच्युअल फण्ड कारोबार में कुल निवेश (औसत एयूएम) पहली बार 36 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। 36 हजार करोड़ रुपये पार जाने के बाद शहर की पूरे देश में निवेश कारोबार में हिस्सेदारी 0.50 पहुंच गई है।

कई महीनों से जारी उठा-पटक के बाद शेयर बाजार में हो रहे रिकवरी का असर शहर में म्यूच्युअल फंड निवेश पर साफ देखने को मिल रहा है। एम्फी (असोसिएशन ऑफ म्यूच्युअल फंड्स इन इंडिया) की ओ से जारी नए आंकड़ों के अनुसार मई महीने में कानपुर का औसत एयूएम (म्यूच्युअल फण्ड में निवेश) 36,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है।

**0.50** फीसदी हिस्सेदारी शहर की पूरे देश में निवेश कारोबार में

**14** वें स्थान पर देश में कानपुर म्यूच्युअल फंड निवेश मामले में

**49806** करोड़ रुपये के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर लखनऊ

| शहर | देश में हिस्सेदारी | औसत एयूएम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 0.69 | 49,869 |
| कानपुर | 0.50 | 36,091 |
| वाराणसी | 0.22 | 15,880 |
| आगरा | 0.21 | 15,158 |
| मेरठ | 0.13 | 9,384 |





शहरवासियों का म्यूच्युअल फंड में निवेश काफी तेजी से बढ़ रहा है। शेयर बाजार में अच्छी बढ़ोतरी और म्यूच्युअल फंड निवेश में पारदर्शिता इसका मुख्य कारण है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से ऑनलाइन निवेश की भी इसमें अहम भूमिका रही है। विगत कई वर्षों में म्यूच्युअल फंड्स ने शानदार रिटर्न दिए हैं।

–राजीव सिंह, कोफाउंडर, केश्री ब्रोकिंग

आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो जल्द ही म्यूच्युअल फंड के इन आंकड़ों में और अधिक इजाफा संभव हो सकता है। खास बात यह है कि म्यूच्युअल फंड कारोबार के 36 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद शहर का पूरे देश में योगदान प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में पहले स्थान पर लखनऊ 49806 करोड़ रुपये के साथ है। म्यूच्युअल फंड निवेश में कानपुर देश में 14 वें स्थान पर है। मई के महीने में उत्तर प्रदेश का म्यूच्युअल फंड में कुल निवेश (औसत एयूएम) 3,35,301 करोड़ रुपये है। वहीं देश के स्तर पर ये आंकड़ा 72,18,274 करोड़ रुपये है।

## युवाओं की रुचि के आधार पर बताएंगे नौकरी

**कानपुर।** युवाओं के भ्रम को दूर करते हुए सेवायोजन विभाग अब उन्हें उनकी रुचि की नौकरी के लिए प्रेरित करेगा। इसके लिए विभाग की ओर से 22 करियर काउंसलर पंजीकृत किए गए हैं। अगस्त तक काउंसलर की संख्या बढ़कर 50 होगी। यह काउंसलर युवाओं की ऑनलाइन काउंसिलिंग करेंगे।

सेवायोजन विभाग में जिले में 15,6422 युवा पंजीकृत हैं। रोजगार संगम पोर्टल पर अब जिले के तकनीकी संस्थान के लगभग 56 हजार युवाओं ने अपना पंजीकरण रखा है। युवाओं की करियर काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की जा रही है। यह सुविधा रोजगार संगम पोर्टल पर ही उपलब्ध हो सकेगी। काउंसलर युवाओं को उनकी पसंद का करियर बनाने में सहायता करेंगे। भ्रम को दूर करते हुए युवाओं को प्रोफेशनल कोर्स की जानकारी के साथ ही पूरी प्रक्रिया भी समझाएंगे। सहायक निदेशक उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं की करियर काउंसिलिंग के लिए तैयारी की जा रही है। जल्द ही 50 करियर काउंसलर को विभाग के पोर्टल से जोड़ा जाएगा।

## सार-संक्षेप



कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। अमृत विचार

### विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

**कानपुर।** अखिल भारतीय ओमर–ऊमर वैश्य युवजन संघ ने घंटाघर भारत माता प्रतिमा के पास अहमदाबाद में विमान हादसे में मृत हुए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय गुप्ता, धर्म प्रकाश गुप्ता, राम प्रकाश ओमर, दीपक कुमार गुप्ता, अनूप कुमार अन्नू आदि थे।



भारत विकास परिषद की कार्यशाला में बोलते वक्ता। अमृत विचार

### स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत की परिकल्पना पर कार्यशाला

**कानपुर।** स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत की परिकल्पना के साथ भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ब्रह्मावर्त प्रांत के 4 जिलों की 20 शाखाओं के 140 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शनिवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के सभागार में आयोजित कार्यशाला का प्रारंभ मंचापूर्ति, भारत माता एवं विवेकानंद के चित्रों पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम के सामूहिक गायन से हुआ। मुख्य अतिथि मुकेख जैन, राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक संस्कार, भारत विकास परिषद एवं सीएन भारत भूषण जुनेजा, क्षेत्रीय अध्यक्ष, उत्तर मध्य क्षेत्र –2 एवं रवि प्रकाश जायसवाल ने भी विचार रखे। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने की। संचालन गिरजेश कुमार मिश्रा, धीरेंद्र सिंह सचान ने किया। विशेष आमंत्रित सदस्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यकर्ताओं का निर्माण किस प्रकार होना चाहिए। आरके गुप्ता, अनीता पाठक, विमलेश अवस्थी, विवेक कुलश्रेष्ठ, संजय अग्रवाल आदि थे।



रोटरी क्लब ने सदस्यों को सम्मानित किया। अमृत विचार

### महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर

**कानपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का शनिवार को रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स का आधिकारिक समारोह हुआ। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों की ओर से वार्षिक लेखा–जोखा भी पेश किया गया। समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब में महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नीरव निमेष अग्रवाल ने चीफ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सोनल अग्रवाल व आशुतोष के साथ शहर का दौरा किया। इस दौरान सबसे पहले रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के चार्टर अध्यक्ष डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने सभी का स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष डॉ बी एन आचार्य ने वर्ष 2024–25 में क्लब द्वारा किये विभिन्न सामाजिक कार्यों का लेखा जोखा रखा। इस वर्ष क्लब द्वारा रोटरी फाउंडेशन में दो पीएचएफ फेलो देने वालो डॉ बीएन आचार्य और डॉ पुष्पा यादव को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मनित किया। रोटरी मंडलाध्यक्ष नीरव निमेश अग्रवाल ने क्लब में महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाने और महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। समारोह में रोटरी सह मंडलाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी, मंडलाध्यक्ष नीरव निमेश अग्रवाल चार्टर सचिव मयंक गहोई , पूर्व अध्यक्ष राजीव कटियार, संध्या कटियार, क्लब अध्यक्ष डॉ बीएन आचार्य, सचिव अर्पित गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### एचबीटीयू ने हासिल की पहली रैंक

**कानपुर।** हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी कानपुर ने भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) में पहला स्थान हासिल किया है। राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए अनुसंधान श्रेणी में सर्वोच्च स्कोर पाया है। पिछले वर्ष सरकारी और निजी दोनों फंडिंग एजेंसियों द्वारा 16 शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें टाटा ब्लूस्कोप स्टील प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। संस्थान की ओर से बताया गया कि कुल फंडिंग 4.75 करोड़ रुपये है, जो अत्याधुनिक शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय की बढ़ती मान्यता को दर्शाता है। प्रोजेक्ट फंडिंग के अलावा, पिछले एक साल में अनुसंधान और विकास संगठनों के साथ 10 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर संस्थान की ओर से हस्ताक्षर किए गए हैं। एचबीटीयू ने कैंपस में अनुसंधान और विकास के लिए एक उन्नत केंद्र स्थापित करने के लिए जर्मन बहुराष्ट्रीय निगम नॉर्डिश एनर्जी सिस्टम्स के साथ एक महत्वपूर्ण सहयोग किया है।

### टक्कर मारने के विरोध पर बाइक सवारों ने पीटा

**कानपुर।** चकेरी के वाजिदपुर निवासी आसिफ ने बताया कि बीती 11 जून की दोपहर वह कोवा मस्जिद में नमाज पढ़कर पैदल घर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार तीन युवक आए और उसके पैर पर बाइक का पहिया चढ़ा दिया। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे हाथ–पैर और बेल्ट से मारापीटा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देकर भाग निकले। चकेरी के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भीषण गर्मी में बिजली के लिए पूरा प्रदेश परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन का आरोप है कि योगी सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। हर दिन प्रदेश में कहीं न कहीं हत्याएं, गैंग रेप की घटनाएं सामने आ रही हैं। एक्सप्रेस-वे बनाने के पहले लोगों से वादा किया था कि युवाओं को रोजगार देंगे लेकिन एक्सप्रेस-वे से किसी एक बेरोजगार को नौकरी दिया हो तो बताओ।

कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा रामलीला मैदान के पास गेस्ट हाउस गोविंद नगर में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जैन बतौर मुख्य अतिथि आए थे। अमृत विचार संवाददाता से बातचीत में कहा कि इतनी भीषण गर्मी में योगी सरकार बिजली तक नहीं दे पा रही है। सरकार अपराध मुक्त प्रदेश की बात करती है लेकिन सच्चाई देखा जाए तो योगी सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। बुंदेलखंड अपनी किस्मत पर रो रहा है, बातें बड़ी बड़ी हो रही हैं लेकिन हो कुछ नहीं रहा है। अध्यक्षता कर रहे कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को तलवार भेंटकर उनका स्वागत किया। अहमदाबाद के विमान हादसे में मृत हुए यात्रियों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। महानगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में संविधान पर हमले हो रहे हैं। दलित, पिछड़े ,अल्पसंख्यक और व्यापारी त्राहि त्राहि कर रहे हैं। संचालन अमिताभ मिश्रा ने किया। शंकर दत्त मिश्रा ने वंदे मातरम गाया। अवनीश सलूजा, जेपी पाल, टिल्लू ठाकुर, प्रतिभा अटल पाल, प्रभात मिश्रा और अमनदीप सिंह गंभीर, मखलू पांडे, हरप्रकाश अग्निहोत्री, नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्रा, नरेश त्रिपाठी, विकास अवस्थी, मदन मोहन शुक्ला, अमिताभ मिश्रा, विवेक पाल, रवि भारती, निजामुद्दीन खान, दिलीप शुक्ला मौजूद रहे।



संविधान बचाओ सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य, महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, आलोक मिश्रा आदि। अमृत विचार

- पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले, उत्तर प्रदेश में हर दिन हत्याएं, गैंगरेप हो रहे

# सीएम डैशबोर्ड व निर्माण कार्यों की समीक्षा में चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निगुण परीक्षा व सहकारी दुग्ध समितियों की खराब रैंकिंग पर नाराजगी, प्रतिकूल प्रविष्टि

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निर्माण कार्यों व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों के सुस्त रवैया पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण और निपुण परीक्षा (एनएटी) आकलन में जिले की रैंकिंग डी मिलने पर जिलाधिकारी ने 31 जून तक ए ग्रेड लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सी रैंकिंग वाले प्रोजेक्ट में सहकारी दुग्ध समितियों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिले में आधार सेंटर की संख्या बढ़ाकर 500 करने का निर्देश दिया। मौजूदा 262 आधार केंद्र हैं। सेंटरों की संख्या बढ़ने से सहूलियत मिलेगी। किसी भी व्यक्ति को आधार में पता, नाम, मोबाइल नंबर, फोटो, बायोमैट्रिक आदि के अपडेट में आसानी होगी। लाइन में खड़े होकर घंटों का समय नहीं बर्बाद होगा। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति भी जानी। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण और निपुण परीक्षा आकलन की समीक्षा में मिली रैंकिंग पर नाराजगी जताई। कहा कि जिले की रैंकिंग डी है, इस माह के आखिरी तक ए ग्रेड में लाया जाए। सुधार हर हाल में होना चाहिए। सी रैंकिंग वाले प्रोजेक्ट में सहकारी दुग्ध समितियों से संबंधित अधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए।

समाजसेवा | विश्व रक्तदाता दिवस पर कई जगह लगाए गए शिविर, हुआ रक्तदान

# रक्त का दान महादान, जरूरतमंद मरीजों की बचाता है जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को शहर में कई स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए। इन शिविरों में रक्तदान का महत्व भी बताया गया। संदेश दिया गया कि रक्त का दान सबसे बड़ा दान माना गया है। रक्त का दान करने से किसी जरूरतमंद को जीवन दिया जा सकता है। इसलिए स्वस्थ इंसान को रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे कमजोरी या कोई दिक्कत नहीं आती।

**आईएमए ने लगाया शिविर:** आईएमए टैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर तीन रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

आईएमए और कानपुर सर्जिकल क्लब के साथ संयुक्त रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में कई वरिष्ठ एवं युवा सर्जनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान करके समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अलावा छावनी सार्वजनिक चिकित्सालय में दूसरा शिविर छावनी सार्वजनिक चिकित्सालय, कानपुर में आयोजित किया गया, जहां पर स्थानीय चिकित्सकों, अस्पताल स्टाफ एवं आम नागरिकों ने रक्तदान कर जनसेवा की भावना को प्रकट किया।




शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार



बर्रा में शिविर में लोगों ने रक्तदान किया। अमृत विचार

### 41 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** संकल्प सेवा समिति एवं अमेजन डिजिटल केंद्र की ओर से बर्रा बाई पास स्थित अमेजन डिजिटल केंद्र में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। एएसजीआई हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क आंखों की जांच की गई। मोरपेन लेबोरेट्रीज लिमिटेड के द्वारा शुगर की जांच भी की गई। रक्तदान शिविर में अमेजन डिजिटल केंद्र के डायरेक्टर अभिषेक चौहान, भोले एडवर्टाइजिंग के डायरेक्टर आरजू सचान, पारस गार्डन के डायरेक्टर संदीप सचान, सौरभ चंदेल, योगेन्द्र चौहान, प्रीती गुप्ता, दीक्षा, रश्मी, निर्भय, राघवेंद्र सहित 41 लोगों ने रक्तदान किया।

### 50 ने किया रक्तदान


विश्व रक्तदान दिवस पर पवन गंगा सेवा समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान समिति के संरक्षक मदन लाल भाटिया ने बताया कि वनस फाउंडेशन एवं कानपुर ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मानस ब्लड बैंक के सहयोग से हमीरपुर रोड एसएस पैलेस में किया गया। जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। ई _रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री कपिल सिंह की दोनों जुड़वा बेटियों कुमारी नैंसी एवं कुमारी दिव्यांशी ने एक साथ रक्तदान किया। इस मौके पर सरदार राजू वालिया, गोविंद सिंह, विकास, कपिल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




आज का मौसम

तेज हवाएं, आंधी आने की संभावना है, दो-तीन दिन बाद बारिश के आसार बन रहे हैं।

| | |
|---|---|
| $41.0^0$ | $34.0^0$ |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 03 |




## शहर में आज

- **नेत्र जांच शिविर :** किड्स आई केयर सेंटर स्वरूप नगर में नेत्र जांच शिविर सुबह 9 बजे।
- **वितरण :** ऑल इंडिया शिया युवा युनिट की ओर से जूही डिपो चौराहा पर पौध वितरण दोपहर 2 बजे।
- महाराजा अग्रसेन वंशज सभा की ओर से गन्ने के रस का वितरण गज्जूमल धर्मशाला कमला टावर दोपहर 12 बजे।
- **समारोह :** कुटुंब सस्था की ओर से दिव्यास्त्र का आयोजन रागेंद्र स्वरूप सभागार शाम 6 बजे।
- **सम्मेलन :** कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ सम्मेलन लक्ष्मी गेस्ट हाउस जाजमऊ शाम 6 :30 बजे से।

## एक नजर

### पत्नी के गम में अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**कानपुर।** छावनी में पत्नी की मौत से दुखी ई-रिक्शा चालक रोज शराब पी रहा था। शुक्रवार को अधिक शराब पीने से उसकी मौत हो गई। संजयनगर खलवा निवासी ई-रिक्शा चालक रवि कश्यप पत्नी पूजा व दो बच्चों आकांक्षा व अंशू के साथ किराए पर रहता था। बहनोई प्रदीप ने बताया कि उसकी पत्नी पूजा की 10 माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी। जिसके बाद से रवि रोज शराब पीने लगा था। बीती एक जून को नशे में घर आया और बच्चों की पिटाई कर दी। इसकी खबर पाकर ससुरालवाले बच्चों को अपने साथ ले गए। शुक्रवार शाम को रवि घर पहुंचा और खुद को अकेला पाकर निराश हो गया। उसके बाद और शराब पी जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिक शराब पीने से हार्ट अटैक पड़ा है।

केस्को एमडी से सांसद रमेश अवस्थी ने पूछा, जवाब मिला कि लोड ज्यादा होने से बढ़ा है संकट

# जब सरकार से भरपूर बिजली तो कटौती क्यों!



केस्को एमडी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद रमेश अवस्थी। दाएं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित बाएं दक्षिण अध्यक्ष शिवराम सिंह एवं अन्य अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में लगातार बिजली संकट पर शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी ने केस्को एमडी के साथ समीक्षा बैठक की। केस्को मुख्यालय में सांसद ने केस्को एमडी से पूछा कि जब केंद्र व प्रदेश सरकार शहर को पर्याप्त बिजली उपलब्ध करा रहा है तो कटौती क्यों हो रही? इसपर एमडी ने कहा कि भीषण गर्मी एवं अत्यधिक लोड की वजह से आपूर्ति में बाधाएं आ रही हैं, जिन्हें इसी सप्ताह दूर कर लिया जायेगा। रमेश अवस्थी ने केस्को में बढ़ते बिचौलियों पर आक्रोश जताया। केस्को एमडी को निर्देश दिए कि इन दलालों की पहचान के लिये एक खुफिया टीम गठित करें और तत्काल जांच कराएं।

समीक्षा बैठक में सांसद ने बिजली बिलों में आ रही गड़बड़ियों, स्मार्ट मीटर की शिकायतों, आए दिन हो रहे फॉल्टों, और सब-स्टेशनों में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई। केस्को एमडी ने बताया कि फॉल्ट को तुरंत ठीक करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सब-स्टेशनों पर अधिकारियों की उपस्थिति जांचने के लिये निरीक्षण कराया जाएगा।

### अधिकारी मंडल अध्यक्षों और पार्षदों से बनाए रखें समन्वय

- बैठक में निर्णय लिया गया कि केस्को के सभी अधिकारी भाजपा के मंडल अध्यक्षों एवं पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में कार्य करेंगे। सभी बिजली सब-स्टेशनों पर संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर फ्लैश किए जाएंगे, ताकि आम जनता आसानी से संपर्क कर सके। उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बिजली के खंभों पर बिछे तारों के जाल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 27 जून से भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा शुरू हो रही है इससे पहले इन तारों को हटाया जाए। दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने दक्षिण क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर और नए खंभे लगाने की मांग रखी। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, सुरेश अवस्थी, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी एवं केस्को के वरिष्ठ अधिकारी के साथ व्यापारी नेता विजय पंडित, अभिनव दीक्षित, विनीत दुबे, ओपी आर्या, गौरव पांडे, भानु प्रताप सिंह, रमा शंकर अग्रहरि, सनी जायसवाल, दीपू पासवान, दीपंकर मिश्रा, आलोक वर्मा, सुमित तिवारी, इंद्रजीत खन्ना, आलोक पांडे, दीपक शुक्ला आदि रहे।

### केस्को का टोल फ्री मिलाओ कानपुर तो उठता है पूर्वांचल में

- **कानपुर।** बिजली समस्या से त्रस्त पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में पार्षदों ने उत्तर प्रदेश बिजली बोर्ड के सदस्य विजय बहादुर पाठक से लखनऊ जाकर मुलाकात की। उन्हें बताया कि कानपुर में बिजली संकट की स्थिति विकराल हो चुकी है। जनता परेशान है। हेल्पलाइन नंबर 1912 मिलाओ कानपुर में और फोन उठाता पूर्वांचल में है। लाइनमैन कहीं दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। पाठक ने कहा कि 29 जून को कानपुर में अधिकारियों की बैठक लेंगे। इस दौरान एसोसिएशन के संरक्षक अमित पांडे (बंटी), नवीन पंडित, सौरभ देव, नीरज रक्सेल, आदर्श गुप्ता, मनीष मिश्रा, आकर्ष बाजपेई थे।

### श्यामनगर में स्कूटी सवार लुटेरे वृद्धा की चेन लूटकर भागे

**कानपुर।** श्यामनगर के डी-ब्लॉक निवासी वृद्धा मालती शिरोमणि ने बताया कि बीती 12 जून की सुबह छह बजे वह घर के समीप हरिहरधाम पार्क तक टहलने गई थीं। रास्ते में पीछे से आए स्कूटी सवार दो लुटेरों ने गले में झपट्टा मारकर चेन लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे श्यामनगर चौराहा की ओर भाग निकले। वृद्धा ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों के अनुसार करीब दस दिन पहले भी लुटेरों ने त्रिमूर्ति मंदिर के पास महिला छाया सिंह की चेन लूटी थी। महिला ने चकेरी थाने में तहरीर दी है।






आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लि. के मेधावी छात्र-छात्राएं शिक्षकों के साथ। अमृत विचार

# नीट यूजी में तनीषा बनीं जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जिले में सबसे बेहतर रैंक लाकर बनीं टॉपर**

**अमृत विचार।** नीट यूजी 2025 में शहर में तैयारी कर रही छात्रा तनीषा ने एआईआर 29 रैंक हासिल की है। उसने पूरे जिले में टॉप किया है। तनीषा के अलावा आयुष गौतम ने एआईआर 53, उत्कर्ष झा ने एआईआर 132 व आदित्य मिश्रा ने एआईआर 228 रैंक हासिल की है।

परीक्षा की तैयारी कराने वाले आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने यह घोषणा की है कि नीट यूजी 2025 की प्रतिष्ठित परीक्षा में कानपुर शाखा से 4 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक हासिल की है। यह भी बताया कि उनके संस्थान से तैयारी करने वाले मेधावी तनीषा रैंक 29, आयुष गौतम रैंक 53, उत्कर्ष झा रैंक 132 व आदित्य मिश्रा रैंक 228 ने संस्थान का नाम ऊंचा किया है। मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा बनाए गए मजबूत शैक्षणिक आधार, कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और नियमित अनुशासित अध्ययन को दिया। रीजनल डायरेक्टर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड डीके मिश्रा ने कहा कि नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों का शानदार प्रदर्शन हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है। यह परिणाम हमारे छात्रों की मेहनत, उनके माता-पिता के सहयोग और हमारी शिक्षण टीम के समर्पण को दर्शाता है।

बाजार

अभी दाम और बढ़ने का अनुमान, इजरायल-ईरान युद्ध का भी असर

# सोना-चांदी अपने भाव की बुलंदी पर पहुंचे

शैलेश अवस्थी

**कानपुर।** सोना अपने भाव के सारे रिकार्ड तोड़ता हुआ नई ऊंचाई पर पहुंच गया तो चांदी भी शिखर पर जा चढ़ी। शनिवार को सोना 1,02,300 रुपये का 10 ग्राम रहा। चांदी के भाव रिकार्ड बनाते 1,0,9500 रुपये किलो पर जा पहुंचे। आभूषण बाजार में सन्नाटा पसरा है।

सोने और चांदी के बीच रिकार्ड तोड़ने की होड़ है। चांदी के भाव तो 13 दिन में ही लगभग साढ़े नौ हजार रुपये बढ़ गए। सोने के भाव छह दिन में साढ़े तीन हजार बढ़ गए। शनिवार को सोना तेजी से आगे बढ़ता हुआ भाव के शिखर पर पहुंच गया। 24 घंटे में सोने के दाम आठ सौ तो चांदी के चार सौ रुपये बढ़ गए। विशेषज्ञ कहते हैं वैश्विक उथलपुथल ने सोने और चांदी के भाव बढ़ा दिए हैं। इजरायल और ईरान के बीच तनातनी ने क्रूड ऑयल के भाव में उछाल ला दिया है और इसी के साथ सोने के दाम भी नई ऊंचाई को छू गए हैं। केंद्रीय बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर सोने की खरीद भी तेजी का बड़ा कारण है। औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण चांदी भी नित नए रिकार्ड बना रही है। खरीदार बेहद कम हो गए हैं। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के महामंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है वैश्विक अशांति के कारण ऐसा हो रहा है, सोना तो सुरक्षित निवेश है। लेकिन आभूषण बाजार में खरीदार बेहद कम हो गए हैं। कारोबारी कुशाग्र ने बताया कि लोग हल्की ज्वैलरी से काम चला रहे हैं। बिक्री 60 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान है।



### सोने के भाव तेजी से बढ़ रहे

- 2 जून 99150, 3 जून 99500, 4 जून 100050, 7 जून 98600, 10 जून 98650, 11जून 98750, 13 जून 1,01,500 और अब 1,0,2,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर।

### चांदी की चाल भी निराली

- 2 जून 1,01,100, 3 जून 1,03,250, 4 जून 1,04,000, 5 जून 1,0,4500, 6 जून 1,08200, 10 जून 1,0,9300, 12 जून 1,09,500 और अब 13 जून को 1,09,100 और अब 1,0,9,500 रुपये किलो।

**1,0,2,300** रुपये 10 ग्राम पहुंचा सोना | **1,09,500** रुपये किलो हो गई चांदी | **13** दिन में साढ़े नौ हजार बढ़ी चांदी



# मोदी सरकार के 11 सालों का किया बखान

## भाजपा द्वारा किया गया प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन, सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद

संवाददाता, चौबेपुर



भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते एमएलसी अरुण पाठक।



कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा।

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में शनिवार को भाजपा द्वारा प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पार्टी की 11 वर्षों की उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से इन्हें जन जन तक पहुंचाये जाने की बात कही।

कस्बे के बंदी माता मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी विधायक अरुण पाठक ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनसंपर्क को लेकर उनकी प्रतिबद्धता के चलते ही पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है। समर्पण व सहभागिता ही हमारे संगठन की असली शक्ति है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियां का बखान करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दिए जाने की बात दोहराई।

- कस्बे के बंदीमाता मार्ग पर एक गेस्ट हाउस में हुआ कार्यक्रम
- अरुण पाठक और विधायक अभिजीत सिंह सांगा रहे मौजूद

वहीं जिला महामंत्री राजेंद्र कटियार ने मोदी सरकार के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की बेमिसाल यात्रा बताया। साथ ही पार्टी की उपलब्धियां और नीतियों पर चर्चा कर संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला व जिला पंचायत सदस्य गोपाल दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी ,संतोष यादव, अतुल दुबे, श्याम बाबा, श्रीराम विश्वकर्मा, जितेंद्र कटियार ,राजा तिवारी, रामकुमार शुक्ला,,कुशाग्र गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पांडे ने किया।

### बिठूर विधायक ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

शिवराजपुर बिल्हौर। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने शनिवार को शिवराजपुर में एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यह आयोजन भाजपा की केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और पार्टी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और समर्थक उपस्थित रहे। विधायक सांगा ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी जी की केंद्र की सफल सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों के लिये काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान देने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों के लिए कमर कस लें। इस मौके पर मोनू सिंह तोमर ,नील कमल सिंह चौहान ,रवि ठाकुर , राजेन्द्र कटियार ,ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेयी ,अनुज मिश्रा ,विजय सिंह तोमर ,केसाथ तमाम भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# समाधान दिवस पर सुनीं शिकायतें

संवाददाता बिल्हौर



फरियादियों की शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को समाधान दिवस में बिल्हौर में कार्यवाहक तहसीलदार सीपी राजपूत ने तमाम शिकायतों को सुना। लेकिन मौके पर किसी भी शिकायत का समाधान नहीं हो सका। तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को आई शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारित करने को कहा।

समाधान दिवस में आधा दर्जन शिकायतें दर्ज हुईं। यहां पर मौजूद तहसीलदार सीपी राजपूत ने सभी शिकायतों को सुना और समझा। किसी भी शिकायत का समाधान नहीं हो सका। जिससे फरियादियों में मायूसी देखी गई। यहां पर ज्यादातर शिकायतें राजस्व आईं। इस दौरान तमाम शिकायतों की निस्तारण के लिए स्थानीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की निस्तारण हेतु टीमों का गठित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### पत्र वितरक की बेटी का मनाया जन्मदिन



बेटी संग माता पिता।

**कानपुर।** विजय नगर सेंटर के समाचार पत्र वितरक समीर शर्मा ने पुत्री श्रीनिका का पहला जन्मदिन धूमधाम से मनाया। सवाया होटल समीर शर्मा एवं उनकी शगुन गुप्ता को समाचार पत्र विक्रेताओं ने और परिवारीजनों ने बधाई दी और बेटी की लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

### मिट्टी खनन को लेकर दो गुटों में मारपीट, वाहनों को तोड़ा

**चौबेपुर ।** क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर शुक्रवार रात दो गुटों में मारपीट व एक दूसरे के वाहनों में तोड़फोड़ की गई। क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन लंबे समय से हो रहा है। परमीशन की आड़ में माफिया स्वीकृत क्षेत्र से कई गुना अधिक क्षेत्र की मिट्टी का खनन करने में लगे हुए हैं। इधर खनन को लेकर शुक्रवार रात दो गुटों के बीच मारपीट व एक दूसरे के डंपरों में तोड़फोड़ की गई। इतना ही नहीं वर्चस्व को लेकर असलहे भी लहराए गए। हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुई घटना की जानकारी पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान मारपीट में शामिल कई लोग मौके से भाग निकले। वहीं पुलिस ने बाइक सवार पांच लोगों को पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पांच लोगों को शांति भंग मे निरुद्ध करने के साथ मौके पर मिली पांच बाइकों को सीज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विधायक ने बारातशाला की ज़मीन का किया निरीक्षण

**घाटमपुर।** घाटमपुर में शासन की ओर से मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत नगर में बरात शाला बनने को प्रस्तावित ज़मीन का विधायक व एसडीएम ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं पालिका द्वारा बनाए गए मण्डपम का भी निरीक्षण किया। पालिका ने ज़मीन पर पानी भरा होने का बहाना बताकर अधिकारियों को गुमराह किया गया था। विगत एक माह से कानपुर रोड स्थित मण्डपम बंद पड़ा हुआ था जिसपर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।

### युवती की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर की वायरल

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर अपनी फोटो एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती ने थाना ककवन में अपनी शिकायत दर्ज कराई है जिसके क्रम में आरोपी युवक पर आईटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित युवती को लगातार युवक कई दिनों से सोशल मीडिया के अलग-अलग इंस्टाग्राम आईडी बनाकर परेशान कर रहा था। इसके बाद युवती ने अपनी रिपोर्ट थाना ककवन में दर्ज कराई है। जिसके बाद आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हालांकि मामले में रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई है लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है । मामले मे एसओ ककवन धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी भी की जाएगी ।विवेचना एसीपी बिल्हौर ने शिवराजपुर ट्रान्सफर की है ।

### तमंचे के खरीद फरोख्त का ऑडियो वायरल

**बिल्हौर।** बीते दिनों मिश्रिख सांसद अशोक रावत के साथ उनके तमाम समर्थकों को गाली देने वाले निलंबित चपरासी राहुल शुक्ला का एक और ऑडियो सोशल मीडिया पर वाय़रल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार समाचार पत्र इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल ऑडियो में निलंबित चपरासी राहुल शुक्ला एक महिला से हथियार डिलीवरी करने के साथ रेट के संबंध में बातचीत करते सुना जा सकता है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है की चपरासी राहुल शुक्ला द्वारा अवैध कट्टों की तस्करी भी की जाती है। उसी के संबंध का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीते दिनों सांसद को अपशब्द कहे जाने के मामले में पुलिस आरोपी को जेल भेज चुकी है। वह जमानत पर जेल से बाहर आ गया था। वहीं उसका एक और ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है।

### ग्रामीणों ने चंदा करके लगवाया ट्रांसफार्मर

**बिल्हौर।** ककवन ब्लॉक के हालामऊ गांव में बिजली विभाग की लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बीते लगभग 15 दिनों से फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने में बिजली विभाग के प्रयास न करने पर ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए खुद ही चंदा इकट्ठा किया और नया ट्रांसफार्मर लगवाया। हालामऊ गांव का ट्रांसफार्मर करीब पंद्रह दिन पहले खराब हो गया था, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूब गया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग से कई बार की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने अंततः स्वयं इस समस्या का समाधान करने का फैसला किया।गांव के लोगों ने आपस में चंदा इकट्ठा किया और जरूरी धनराशि जुटाकर एक नया ट्रांसफार्मर खरीदा। इसके बाद, उन्होंने अपनी व्यवस्था से ट्रांसफार्मर को गांव में स्थापित करवाया, जिससे अब गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। वहीं एसडीओ विद्युत अमर नाथ ने बताया कि हालामऊ गांव के ट्रान्सफार्मर को वर्कशॉप में भेज दिया गया था लेकिन तमाम ट्रान्सफार्मरों की किल्लत के चलते अभी तक ट्रान्सफार्मर मिल नहीं पाया है। लिखित रूप से भी कहा गया लेकिन अभी तक इस मामले में सुनवाई नहीं हुई है।

### पूर्व सांसद की ट्रस्ट की जमीन पर कब्जे का आरोप

**चौबेपुर।** कस्बा स्थित पूर्व सांसद की ट्रस्ट की भूमि पर कब्जे का आरोप लगाते हुए सांसद पुत्र ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की। पुलिस ने तहसील प्रशासन की मौजूदगी में उक्त ट्रस्ट की भूमि पर हो रहे कार्य को रुकवा दिया। पूर्व भाजपा सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्रा के पुत्र मुकंद मिश्रा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि कस्बे में ग्राम पंचायत की भूमि संख्या 269 क, के रकबा नंबर 0 .091 का पट्टा देवरहा बाबा समिति के नाम है। समिति के अध्यक्ष पहले उनके पिता पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा थे। उनकी मृत्यु के पश्चात मौजूदा समय में वह समिति के अध्यक्ष हैं। बताया कि उक्त भूमि पर कस्बा निवासी प्रवीण यादव पुत्र बदन सिंह कब्जे की नीयत से निर्माण कार्य करा रहे हैं। मना करने के बावजूद कार्य को नहीं रुकवा रहे। वहीं प्रवीण यादव ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि उन्होंने रजिस्ट्री की गई भूमि पर ही मकान का निर्माण कराया है। इधर मकान के सामने खाली पड़ी भूमि पर हो रहे जल भराव को देखते हुए उस पर मिट्टी डलवा रहे हैं। मामले की जानकारी पर नायब तहसीलदार दिव्या भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच की बात कह कार्य को रुकवा दिया।

# खेरेश्वर सरैया घाट पर तीन लड़के डूबे

संवाददाता शिवराजपुर



गंगा के तट पर मौजूद पुलिस बल व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खेरेश्वर सरैया गंगा घाट पर शनिवार को सुबह स्नान करते समय तीन लड़के गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। उनकी चीख पुकार सुनकर पर मौके पर मौजूद स्थानीय गोताखोरों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। और काफी मशक्कत के बाद दो लड़कों को निकाल लिया वहीं एक की तलाश जारी है।

आलोक द्विवेदी पुत्र दिनेश निवासी गंज मुरादाबाद व उसके मामा के लड़के अमन तिवारी पुत्र संजय निवासी लवानी बांगरमऊ, प्रिंस तिवारी पुत्र राजू लवानी यह तीनों लड़के गंगा स्नान के लिए खेरेश्वर सरैया घाट आए थे स्नान करते समय उनका पैर गहरे जल में चला गया, जिससे तीनों डूबने लगे। इससे उन लोगों व घाट के आसपास मौजूद लोगों में चीखपुकार मच गई। यह देखकर आसपास मौजूद स्थानीय गोताखोरों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद दो लड़कों को तो सही सलामत निकाल लिया लेकिन तीसरे को नहीं ढूंढ पाए। उसकी तलाश अभी भी जारी है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने अन्य गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू कराई है ।

- दो को बचा लिया गया वहीं एक युवक की तलाश जारी

बीती तेरह जून को कामापुरवा गांव के सामने तीन लड़कियां स्नान करते समय डूब गई थी जिसमें दो को बचा लिया गया था एवं एक की डूबने से मौत हो गई थी।

### ट्रेन से कट कर दी जान

**कानपुर।** चकेरी में कैंसर की बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। श्यामनगर निवासी 51 वर्षीय कमलेश मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी अनीता व तीन बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि कई माह से वह कैंसर की बीमारी से परेशान था। जिस कारण वह मानसिक तनाव में रह रहा था। शुक्रवार रात उसने शराब पी और देर रात श्यामनगर क्रांसिग के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। शनिवार सुबह जब परिजन सोकर उठे तो तलाश शुरू की। जब पुलिस के पास पहुंचे तो हादसे की जानकारी हुई।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन में आ रही समस्या

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के 4517 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों, प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों को ऑनलाइन आवेदन में कई तरह की तकनीकी समस्या आ रही है। सैकड़ों शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल कोड या मोबाइल नंबर अमान्य बता रहा है। इन शिक्षकों ने बकायदा ई-मेल करके अपर शिक्षा माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी को समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून को बढ़ाने का अनुरोध किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी का कहना है कि ऑनलाइन स्थानांतरण के नाम पर शिक्षकों के साथ मजाक किया जा रहा है। आवेदन के लिए अतिरिक्त समय देते हुए वेबसाइट की तकनीकी समस्याएं तत्काल दूर की जाएं।

# यूपीसीडा लगाएगा 12 नए सौर संयंत्र

## औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ेगी हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी, ग्रीन इंडस्ट्रियल हब का सपना हो रहा साकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उद्योग, ऊर्जा और पर्यावरण तीनों मोर्चों पर मजबूत हो रही सरकार की नीति



अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की पहल की है। इसके लिए 12 नए स्थलों की पहचान की है, जहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। यह पहल उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा की लागत घटाना, पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना है।

12 स्थानों में सूरजपुर साइट-5, ईपीआईपी (गौतमबुद्ध नगर), टीडीएस सिटी (गाजियाबाद), एसईजेड (मुरादाबाद), बागपत, आगरा, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, शाहजहांपुर जैसे रणनीतिक औद्योगिक केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र न केवल उत्पादन में अग्रणी हों, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भी बनें। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यूपीसीडा ने 'सौर औद्योगिक क्षेत्र' की अवधारणा को अपनाया है। कानपुर स्थित यूपीसीडा मुख्यालय में पहले ही 150 किलोवाट का सौर संयंत्र स्थापित किया जा चुका है, जो 82.98 लाख की लागत से लगाया गया। यह संयंत्र वित्तीय रूप से लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि संचालन लागत को भी कम करती है। यूपीसीडा अपने परिसरों के साथ-साथ उद्योगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसका उद्देश्य ऊर्जा लागत में कटौती, कार्बन उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

### सौर पथ और हरित पट्टियां बनाएंगी उद्योग क्षेत्र को सुंदर

यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्रों को न केवल ऊर्जा के लिहाज से सशक्त बना रहा है, बल्कि "सौर पथ" और हरित पट्टियों की योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा और सौंदर्य का भी समन्वय कर रहा है। इन पथों पर ऑफ-ग्रिड सौर लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे रात में भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था बनी रहेगी। हरित पट्टियां न केवल प्रदूषण नियंत्रण में सहायक होंगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों की दृश्यता और निवेश के प्रति आकर्षण को भी बढ़ाएंगी।



राजभवन में मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट की। इस दौरान उन्हें महाराजा सुहेलदेव को लेकर अमीस की लिखी एक पुस्तक भेंट की।

### बिजली संकट से स्थिति भयावह : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में लूट-खसोट है।

सपा प्रमुख शनिवार को फर्रूखाबाद में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट से स्थिति भयावह है। गर्मी से लोग बेहाल है। बिजली नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार ने नौ साल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया गया। बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा है। किसान संकट में है। फसलों की खरीद में भी भ्रष्टाचार हो रहा है।

# पिछड़े वर्ग में जनाधार मजबूत करेगी प्रदेश कांग्रेस

## 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग ने आयोजित किया भागीदारी न्याय सम्मेलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ अनिल जयहिंद, राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

अमृत विचार : 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत के लिए प्रदेश कांग्रेस पिछड़े वर्ग में जनाधार को और मजबूत करेगी। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन में इस पर जोर दिया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि देश भर के 90 प्रतिशत पिछड़े, अनुसूचित वर्ग व अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। शोषण का प्रमुख कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा निर्धारित होना है, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी नहीं है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित है, जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा, इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि आपस में मिलकर संविधान को मजबूत करें। कार्यक्रम को पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उप्र प्रदीप नरवाल, सुशील पासी, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव ने आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, विश्वविजय सिंह, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व मंत्री डॉ मसूद अहमद आदि मौजूद रहे। भागीदारी न्याय महासम्मेलन का संचालन जितेन्द्र पटेल ने किया।

### 2582 नए एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगी तैनाती

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टरों को बतौर नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट, डिमांस्ट्रेटर व ट्यूटर के पद तैनात किया जाएगा। डॉक्टरों को यह नियुक्ति मात्र दो साल के मिलेगी, इसके लिए उन्हें निर्धारित वेतन भी मिलेगा। डॉक्टरों को कॉलेज आवंटन के लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को सेवा बांड के तहत दो साल सरकारी मेडिकल कॉलेज में अनिवार्य रूप से सेवाएं देनी होती हैं।

# इंटर्न डॉक्टरों को नहीं दिया जा रहा मानदेय

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- एनएमसी की शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रही निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रबंध तंत्र की कार्यशैली

अमृत विचार : राज्य के कई निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटर्नशिप करने वाले डाक्टरों को प्रतिमाह मिलने वाला मानदेय न मिलने की बात सामने आ रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की वेबसाइट पर ऐसी शिकायतों का अंबार भी है। बावजूद कोई ठोस सुनवाई नहीं हो पा रही है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक से इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। ऐसे में उक्त मेडिकल कालेजों के प्रबंध तंत्र की कार्यशैली कठघरे में खड़ी दिख रही है।

एनएमसी के नियमानुसार, एमबीबीएस छात्रों को डिग्री प्राप्त करने को अंतिम वर्ष की परीक्षा उपरांत इंटर्नशिप करना अनिवार्य होता है। उक्त क्रम में राजधानी समेत प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं, जहां फाइनल बैच के छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान निर्धारित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कुछ छात्रों ने बताया कि कई कॉलेजों में मानदेय कटौती असमय ही कर दी जाती है। कहीं-कहीं तो बिल्कुल भी नहीं दी जाती है। भुक्तभोगी एनएमसी में अपना नाम व पहचान छिपाकर शिकायत भी करते हैं। बावजूद एनएमसी द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है। इस संबंध में सीतापुर व बाराबंकी स्थित मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधक डॉ.एके सचान का कहना है कि सूचना आधारविहीन है। मेरे कॉलेजों में हर पात्र छात्रों को मानदेय दिया जाता है। यदि किसी को शिकायत है तो संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को लिखित आवेदन दें। राजधानी स्थित मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधकों का कहना है कि मानदेय दिया जाता है। मगर एनएमसी में मानदेय का ब्यौरा भेजने का कोई अनिवार्य नियम नहीं है। यदि लिखित शिकायत मिलेगी तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

मांग करने पर कॉलेज प्रशासन द्वारा डिग्री न देने की चेतावनी दी जाती है, लिहाजा प्रदेश में नवागत डॉक्टर अपनी शिकायत किसी भी प्लेटफार्म पर नहीं कर सकते हैं। जबकि एनएमसी का स्पष्ट निर्देश है कि इंटर्नस को प्रतिमाह निर्धारत मानदेय उपलब्ध कराकर, बैंक स्टेटमेंट एनएमसी द्वारा मांगे जाने पर अपलोड किया जाए।

सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में मानदेय राशि अलग अलग है। निजी मेडिकल कॉलेजों में मानदेय चार हजार से लेकर अधिकतम 7.5 हजार रुपये प्रतिमाह है। जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में यह राशि 12 हजार रुपये है। यह मानदेय मेडिकल छात्रों को हर माह समान रूप से नहीं मिलता है। कहीं-कहीं तो उनकी उपस्थिति कम दिखाकर, डिग्री प्रदान करने के लिए योग्य करार देने का दबाव भी बनाया जाता है।

-डॉ.अतुल अग्रवाल
बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली

# बच्चों-शिक्षकों के साथ सरकार चलाएगी भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूरे प्रदेश में निकाली जाएंगी 300 भूजल रैलियां, होंगी लघु गोष्ठियां

अमृत विचार : जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार व्यापक जन अभियान की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन के तहत पहली बार पूरे प्रदेश में बच्चों, शिक्षकों, आम नागरिकों, एनजीओ और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के साथ राज्यव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इस अभियान के लिए चार महीने का विस्तृत लक्ष्य तय किया है।

इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में जल संसाधनों के प्रति दीर्घकालिक चेतना विकसित कर भूजल स्तर में सुधार लाना है। जल संचय को समाज में प्रोत्साहित कर भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक ठोस कदम माना जा रहा है। पहली बार प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 भूजल रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों की विशेष भागीदारी होगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए 19 बड़े जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जल संरक्षण को लेकर लघु गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें विशेषज्ञों के बताए जल प्रबंधन और संरक्षण के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# नवीनीकरण और पंजीकरण हुआ आसान

## ऑटो मोड में व्यापार पंजीयन की व्यवस्था से उद्यमियों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में व्यापार करना ज्यादा आसान हो गया है। योगी सरकार द्वारा लागू की गई ऑटो मोड प्रणाली के तहत अब व्यापारी बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एक ही दिन में अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण करा सकते हैं। न नवीनीकरण का झंझट है, न कर्मचारियों के बिना पंजीयन का झोल है। इस क्रांतिकारी व्यवस्था ने जहां लंबी प्रक्रियाओं और कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाई, वहीं नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर व्यापारियों को साल-दर-साल लगने वाली औपचारिकताओं से भी राहत दी है।

ऐसे प्रतिष्ठान, जिनमें कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं है, उन्हें अब पंजीकरण की बाध्यता से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। इससे छोटे कारोबारियों और स्वरोजगार करने वालों को सीधी राहत मिली है। योगी सरकार ने प्रदेश में आईटी सेक्टर को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 घंटे कार्य की अनुमति दे दी है, बशर्ते सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इससे स्टार्टअप्स, बीपीओ, और सॉफ्टवेयर कंपनियों को रात-दिन संचालित रहने का अवसर मिल रहा है, जो राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### हर वर्ष पंजीकृत इकाइयों की संख्या में नया रिकॉर्ड

वित्तीय वर्ष 2022-23 (अगस्त 2022 से मार्च 2023) में जहां 27,014 इकाइयों का पंजीकरण हुआ और 1856.42 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ, वहीं 2023-24 में पंजीकृत इकाइयों की संख्या बढ़कर 44,091 हो गई और राजस्व 3496.94 लाख तक पहुंच गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 45,551 इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, जिससे 3770.50 लाख का राजस्व अर्जित हुआ है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि किस तरह ये सुधार न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति दे रहे हैं, बल्कि राजस्व में भी अभूतपूर्व वृद्धि कर रहे हैं।

# आखिर क्यों खरीदी जा रही निजी बिजलीघरों से महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन से पूछे पांच नये सवाल

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने शनिवार को ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन से पांच नये सवाल पूछे। समिति ने कहा कि आखिर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के जरिये निजी बिजलीघरों से महंगी बिजली की खरीद क्यों की जा रही है। इस बीच, समिति ने कहा कि 22 जून की बिजली महापंचायत में बिजली कर्मियों के परिवार भी शामिल होंगे।

समिति ने कहा कि घाटे के नाम पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है। क्या यह सच है कि वर्ष 2024-25 में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने कई निजी घरानों के उत्पादन घरों से एक भी यूनिट बिजली नहीं खरीदी और इन निजी घरानों को फिक्स कॉस्ट के एवज में 6761 करोड़ रुपए का भुगतान किया है? अगर यह सच है तो इतने बड़े घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है?

सरकारी क्षेत्र में बिजली उत्पादन निगम से 4 रुपए 26 पैसे प्रति यूनिट की दर पर बिजली मिलती है और जल विद्युत की बिजली मात्र एक रुपए प्रति यूनिट की दर पर मिलती है। सरकार ने बिजली उत्पादन के लिए उत्पादन निगम और जल विद्युत निगम में नए बिजली घरों की स्थापना नहीं की। इस कारण बिजली की मांग को पूरा करने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर निजी घरानों से काफी महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है।

### घाटे की जिम्मेदारी क्यों थोपी जा रही कर्मचारियों पर

समिति ने कहा कि क्या यह सच है कि केएसके महानंदी से 11 रुपए 58 पैसे प्रति यूनिट, बजाज के छोटे बिजली घरों से 10 रुपए प्रति यूनिट, ललितपुर से 6.50 रुपए प्रति यूनिट, रोजा से 6.05 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है ? अगर यह सच है तो इससे होने वाले हजारों करोड़ रुपए के घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है? दिल्ली में रिलायंस बीएसईएस की दो कंपनियां बीएसईएस यमुना पावर और बीएसईएस राजधानी पावर पिछले 23 वर्ष से काम कर रही है। 23 वर्ष काम करने के बाद रिलायंस की इन दोनों कंपनियों का बेहतर प्रबंधन कौशल यह है कि इन कंपनियों पर दिल्ली जैसे छोटे राज्य में 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का दिल्ली की पावर यूटिलिटीज का बकाया हो गया है।

## वर्ग पहेली- 2

**बाएं से दाएं**

1. 1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2. 1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6. 1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ।

9. रखेवाला, दानेदार।

**ऊपर से नीचे-**

1. 1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।


3. 1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4. 1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5. 1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7. 1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



### वर्ग पहेली -1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | | 2 इ | | 3 जी | |
| ल | | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| | 5 उ | | र | | जा | |
| | प | | जें | | ग | |
| 6 अ | धि | शा | सी | | ता | |
| गि | | | | | | |
| 7 या | र | बा | श | | 8 ब | च |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | 8 | | | | | 1 |
| 9 | 2 | | 1 | | 6 | | | 4 |
| | | 2 | 3 | | | 9 | | |
| | 8 | 7 | | | | 3 | 4 | |
| | | 1 | | | 2 | 6 | | |
| 8 | | | 9 | | 5 | | 2 | 3 |
| 1 | | | | | 8 | | | 7 |
| | 3 | 6 | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 8 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-15.51 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 16 जून 13.00 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।


मेष

आज आपकी दिनचर्या काफी संतुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा। जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।


वृष

आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिए आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना बन रही है।


मिथुन

आज दांपत्य संबंधों में परेशानी हो सकती है। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।


कर्क

आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि में सफलता मिल सकती है।


सिंह

आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। अत्यधिक दयालुता में काम बिगड़ सकते हैं।


कन्या


आज प्रेम संबंधों के मामलों में परेशानी हो सकती है। संतान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य संतान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है।


तुला


आज साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। विवादों से दूर रहना उचित होगा। आज आप परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।


वृश्चिक

आज आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।


धनु


आज किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें। स्वास्थ्य थोड़ा नरम हो सकता है।


मकर

महिलाओं के लिए आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।


कुंभ

आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। मन में अनजाना भय व्याप्त हो सकता है। कानूनी मामलों में नुकसान होने की आशंका है।


मीन

आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर तैयारी कर सकते हैं।

# साहित्यः ज्ञानमार्गी दुख की औषधि


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें- कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

# जीवन के लिए अमृत है शिक्षा

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

# क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस


यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव


गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

# सीखचों में चूजे




डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी। मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

# समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ


डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफ़ेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# प्रेमी खुद साथ लाया था बांका और तमंचा

संवाददाता, रनियां

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक वार्ड में हुई घटना के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चा हुईं। बताया कि घर पहुंचा प्रेमी कुंदन गोस्वामी पहले से ही पूरी तैयारी कर आरपार के मूड में आया था। वह अपने साथ एक बैग व अन्य सामान साथ लाया था। प्रेमिका से नोकझोंक के बाद उसने साथ लाए बांका से उसके सिर पर वार कर दिया और पुलिस व ग्रामीणों से खुद को घिरते देखकर उसने साथ लाए तमंचे से खुद की कनपटी पर गोली मार ली।

**किशोरी के पिता पर भी किया हमला :** प्रेमिका के घर पहुंचे युवक की सबसे पहले उसके पिता से मुठभेड़ हुई। नोकझोंक के बाद युवक ने किशोरी के पिता पर बांके से हमले का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अपना बचाव कर लिया और भाग खड़े हुए। इसके बाद पहुंची किशोरी से युवक की नोकझोंक होने लगी।


घटनास्थल पर जांच करते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

**मृतक पर पहले से दर्ज हैं दो मुकदमें :** प्रेम प्रसंग के चलते लड़की को भगा ले जाने के आरोप में मृतक के खिलाफ रनियां थाने में पहले भी पंजीकृत हैं। हमले का शिकार किशोरी के नाना ने बताया कि युवक पूर्व में एक लड़की को भगा ले गया था। करीब 10 दिन बाद लड़के के घर से रनियां थाना पुलिस समझा कर वापस ले आई थी और लोकलाज के डर से परिजनों ने उसे घर पर रख लिया था।


घटना के बाद लोगों लगी भीड़। अमृत विचार

**पहले से शादीशुदा था प्रेमी :** मृतका कुंदन गोस्वामी पहले से ही शादीशुदा था और उसके बच्चे भी हैं। उसका परिवार कन्नौज में ही रहता है। वहीं प्रेमिका पर बांका से हमले के बाद युवक कुछ देर तक मौके पर ही खड़ा रहा, लेकिन उसके हाथ में तमंचा देखकर लोग पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। घटना के बाद कई थानों का फोर्स मौके पर मौजूद रहा।

# बारिश के बीच बिजली गिरने से किसान की मौत, 5 लोग झुलसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। पिछले कई दिनों से चढ़ रहे तापमान के बीच शनिवार को मौसम का मिजाज बदल गया और शाम को गरज-चमक व तेज हवाओं के साथ आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। जिससे लोगों को कुछ राहत मिली। वहीं मंगलपुर क्षेत्र में आकाशीय बिजली से एक किसान की मौत व भोगनीपुर क्षेत्र के दो स्थानों पर तीन महिलाएं व दो चरवाहे झुलस गए। जबकि पांच बकरियां मर गईं।

जनपद में पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान करीब 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास टिका हुआ था। जिसके चलते लोग भीषण गर्मी में बेहाल थे। इसी बीच शनिवार शाम को मौसम का रुख अचानक बदल गया और आसमान में काले बादल उमड़ आए। जिसके बाद गरज-चमक व तेज हवाओं के साथ अकबरपुर समेत भोगनीपुर, पुखरायां, मंगलपुर, रनियां, बारा आदि स्थानों पर बारिश शुरू हुई हो गई। करीब आधा घंटे बारिश होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली। वहीं मंगलपुर क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में खेत पर काम कर रहे किसान झब्बू (50) अचानक बदले मौसम के चलते आसपास में आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। लोगों ने उन्हें हवासपुर सीएचसी में भर्ती कराया।


झब्बू।

जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय लेखपाल मानसिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं इसी तरह बरौर थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी फूलनदेवी, विमला निवासी बिवाईन अकबरपुर व रूपरानी निवासी केशी हैदरपुर में खेत पर मूंग की फसल काट रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आकर तीनों महिलाएं झुलस गईं।

परिजन उन्हें सीएचसी पुखरायां ले गए। इसी तरह भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के ही डींघ बंबे के पास बकरी चरा रहे नारायनपुर गांव निवासी मन्नी संखवार व देवीप्रसाद पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मन्नी की एक व देवीप्रसाद की चार बकरी मर गईं। बिजली गिरने से दोनों चरवाहे झुलस कर बेहोश हो गए। उन्हें उपचार के लिए देवीपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी तरह वहीं महावीर उर्फ बड़े की भी दो बकरियां बिजली गिरने से झुलस गईं।


आसमान में छाए बादल। अमृत विचार


अकबरपुर में होती बारिश। अमृत विचार

## बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत

शनिवार शाम को तेज बारिश के चलते जिला मुख्यालय के अकबरपुर कस्बा के माती रोड पर मेडिकल कालेज के पास फाल्ट हो गया। इसके चलते शाम करीब 4 बजे पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मरम्मत के बाद शाम 8 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके करीब आधा घंटे बाद ही फिर से बिजली गुल हो गई, जो देर रात तक बहाल नहीं हो सकी। जिसके चलते लोग भीषण गर्मी में बेहाल रहे।

## नदी में डूबने से किशोर की गई जान

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के लालजी पुरवा मुंडेरा किन्नर सिंह निवासी सरफराज का 17 वर्षीय पुत्र वाहिद फराज की नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। परिजन उसे निकालकर आनन-फानन मेडिकल कालेज अकबरपुर ले गए। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया और शव को घर ले आए। घटना से घर कोहराम मच गया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत 3 लोगों की मौत

### रनियां व भोगनीपुर क्षेत्र में हादसे, परिजनों में कोहराम, पुलिस ने विधिक कार्रवाई की

संवाददाता रनियां/पुखरायां

अमृत विचार। रनियां व भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू की है।

पहली घटना में गजनेर थाना क्षेत्र के हृदयपुर गांव निवासी प्रेम नारायण अपनी पत्नी माधुरी देवी (48) के साथ दवा लेने कानपुर नगर गए थे। वापस लौटने के दौरान रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर चौराहे के निकट पीछे से आ रहे कंटेनर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर जा गिर गए और माधुरी देवी की कंटेनर के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रेमनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ने कंटेनर लेकर भागने का प्रयास किया। वहीं जब स्थानीय लोगों ने कंटेनर रोकने का प्रयास किया। जिसपर चालक कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं घटना से नाराज स्थानीय लोग हाईवे पर एकत्रित होने लगे। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने समझा कर लोगों को नेशनल हाईवे से हटवाया और यातायात सुचारू कराया। वहीं घटना पर मृतका का पुत्र लखन, अनुपम, देवर महेंद्र आदि का रो-रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल को मेडिकल कालेज भेजा गया था। जहां से कानपुर हैलट रेफर होने की जानकारी मिली है।

कंटेनर को थाने में खड़ा कराया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। वहीं दूसरी घटना में भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डींघ गांव निवासी रामप्रकाश (54) साइकिल से जा रहे थे। तभी डीसीएम चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिससे रामप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज देवीपुर अनूप कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं तीसरी घटना में भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के ही नोनापुर गांव के समीप एक ऑटो में डंपर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार हरनाम (45) निवासी मुर्तजानगर थाना मूसानगर की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पेड़ की डाल गिरने से बालक की गई जान

**पुखरायां।** अकबरपुर नगर में खेलने के दौरान बालक पर पीपल के पेड़ की डाल गिर गई। गंभीर हालत में उसे देवीपुर पीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरनगर निवासी कोमल सिंह ने बताया कि उनका दस वर्षीय पुत्र आर्यन घर के बाहर लगे पीपल के पेड़ नीचे खेल रहा था। इसी दौरान अचानक पीपल की डाल टूटकर उसपर गिर गई। जिससे आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे देवीपुर पीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव घर ले गए। भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला की मौत पर ससुरालियों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता रूरा।** थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव में 6 जून की देर शाम एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम कराया था। मामले में कानपुर नगर के गुजैनी निवासी रेखा श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया था कि उसकी ननद अनुपम जिसकी ससुराल रूरा थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव में है।

उसके नंदोई संजय नशे के लती है और अक्सर ननद से गाली गलौज व मारपीट करते थे। जब ननद ने इसकी शिकायत अपने ससुरालीजनों से की तो ससुर नरसिंह राव, सास मुन्नी, ननद ज्योति, देवर छोटू गालीगलौज करते हुए कई दिनों तक भूखा प्यासा रखकर मारपीट करते थे।

बीती 6 जून को उक्त लोगों ने पीट कर कर ननद की हत्या कर दी। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्जकर तलाश की जा रही है।

## सिलेंडर में लगी आग से मचा हड़कंप

**कदौरा (जालौन)।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला सुर ब्यासपुरा में बीती रात घर के किचेन में खाना बनाते समय गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस व मोहल्ले के लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया हससे बड़ा हादसा टल गया। नगर के मोहल्ला सीर ब्यासपुरा मोहल्ला निवासी अनीस अहमद की पुत्री यासमीन शुक्रवार की रात घर के किचेन में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई। चूल्हे के साथ सिलेंडर में लपटें उठती देख याशमीन चीखने लगी। उसकी आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य मां सितारा और भाई आदिल तत्काल रसोई की ओर दौड़े जिन्होंने किसी तरह पुत्री को बाहर निकाला। इधर घर में मचा शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग भी मौके पर आ गए।

# लोहारी में एक ही रात में दो घरों से लाखों की चोरी

संवाददाता, रनियां

अमृत विचार। सरवन खेड़ा ब्लॉक के लोहारी गांव में एक ही रात में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए नकदी, सोने-चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की। तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है।

गजनेर थाना क्षेत्र के लोहारी गांव में शुक्रवार रात चोरों ने पंकज सिंह उर्फ आशीष व पड़ोसी गोरेलाल सिंह के घरों को निशाना बनाया। घटना के अनुसार भीषण गर्मी के कारण पंकज सिंह अपनी मां के पास घर के बाहर सो रहे थे और पड़ोसी गोरेलाल सिंह अपनी पत्नी के साथ घर के बाहर सोए हुए थे। इसी बीच चोर बगल के घर से पंकज के घर में उतर गए और कमरे में रखी अलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर 30 हजार रुपये व एक सोने का हार, एक सेट सोने के कंगन, दो सोने की चैन, झुमकी, झाला, पायल, पीतल के बर्तन व पांच सोने की अंगूठी पार कर दी। इसी तरह से पंकज के घर की छत के सहारे चोर गोरेलाल सिंह के घर पहुंचे और कमरे में रखी बक्सा व अलमारी के ताले तोड़ कर दो सोने के हार, दो जोड़ी झाले, दो अंगूठी, दो जोड़ी पायल, एक बिछुआ, नथुनी बारी, हाफ पेटी, दो जोड़ी तोड़िया, साड़ी, कपड़े सहित लाखों का सामान पार कर दिया। शनिवार सुबह जागने पर घर के दरवाजे खुले देखकर चोरी की जानकारी हुई। अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा था। इसपर पीड़ितों ने शोर मचाकर आस पड़ोस के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गजनेर पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। वहीं खोजी कुत्ता घरों के आसपास टहलता रहा और कोई सुराग हाथ नहीं लगा। गजनेर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।


चोरी के बाद छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार


सुराग तलाशता खोजी कुत्ता।

## सार-संक्षेप

### करंट से नौ वर्षीय बालक की मौत

**पुखरायां।** करंट की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरमा गांव निवासी नरेंद्र ने बताया कि शनिवार को उनका नौ वर्षीय पुत्र हिमांशू ने सबमर्सिबल चलाने के लिए जैसे ही स्टार्टर चालू किया। तभी उसमे उतरे की करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### छत से गिरकर किशोरी गंभीर

**पुखरायां।** छत से गिरकर किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी मुन्ना ने बताया कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री शुम्बुल छत पर थी। इसी दौरान वह अचानक छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी व धमकी

**राजपुर।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में बाबा साहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी व युवक को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित ने एसडीएम व थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। राजपुर थाना क्षेत्र के पैलावर गांव निवासी विनीत कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि जनपद कानपुर नगर की ग्राम पंचायत मुरलीपुर गांव के तीन युवकों ने ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में बाबा साहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। साथ ही उसे गांव में घुसकर जान से मारने की धमकी भी दी है। जिससे पीड़ित व उसके परिवार के लोग आहत हुए हैं। पीड़ित युवक ने 12 जून को थाना पुलिस व 13 जून को एसडीएम सिकंदरा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। राजपुर थानाध्यक्ष कालीचरण कुशवाहा ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

मोदी सरकार के 11 वर्ष

मोदी सरकार की भाजपाइयों ने गिनाईं उपलब्धियां, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

# मोदी सरकार के कार्यों से हो रही देश की प्रगति

संवाददाता, शिवली

अमृत विचार। प्रधानमंत्री मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा अकबरपुर-रनियां के मैथा मंडल की नगर पंचायत शिवली में भाजपा की ओर से विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकसित भारत का शिल्पकार बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, समावेशी विकास और राष्ट्र निर्माण की तरफ देश अग्रसर हुआ है। इस मौके पर पूर्व विधायक आरपी कुशवाहा, योगराज राजपूत, बृजेंद्र सिंह, पूर्व सभासद विमलेश अग्निहोत्री, वतन राज अग्निहोत्री, प्रद्युम्न शुक्ल, राम प्रताप सिंह, मोनी अवस्थी समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजपुर संवाददाता के अनुसार मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर भाजपा सरकार अपनी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में जुटी है। इसी क्रम में शनिवार को कस्बे के शिवधाम वाटिका में पहुंची मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रेणुका सचान को राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने प्रतीक चिंह व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस दौरान केंद्र सरकार का सबसे ज्यादा जोर गरीबों और वंचितों की सेवा पर रहा। इसके बाद कस्बे के एक गेस्ट हाउस मे आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करने पहुंची भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और संगठन को मजबूत करना था। इस मौके पर शिवधाम वाटिका में मंडल अध्यक्ष अमरौधा अतेंद्र कटियार, बाबूजी सिंह, देवेंद्र सिंह चंदेल, शौकत अली, विनोद दुवे, मुख्तार खां, अमित पाल, रहीश अहमद, मंजीत मिश्रा, छोटे अहमद, जिला मंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजपुर कुलदीप सिंह, महादेव सिंह, महेश सिंह, क्रांतिवीर सिंह, अरविंद कटियार, प्रधान कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

# ईरान पर हमले से कानपुर में भी दहशत, फोन करके ले रहे खैरियत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ईरान पर इजरायल के हमले से कानपुर के शिया समुदाय में भी दहशत और परेशानी का माहौल है। समुदाय के सैकड़ों युवा ईरान के मदरसों में तालीम हासिल कर रहे हैं। हजारों युवा तालीम हासिल करने के बाद कानपुर आ चुके हैं। वर्तमान में सैकड़ों परिवारों की रिश्तेदारी ईरान में है। युद्ध के बाद लोग अपने रिश्तेदारों के यहां फोन करके उनकी खैरियत ले रहे हैं।

ईरान और इजरायल में तीन दिनों से भीषण जंग चल रही है। दोनों देश एकदूसरे पर लड़ाकू जहाजों और मिसाइलों, ड्रोन से हमले कर रहे हैं। 100 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। शहर के शिया समुदाय के काफी तादात में संपर्क ईरान में हैं। मकबरा ग्वालटोली में कई ऐसे उलेमा, बुद्धिजीवी हैं जो ईरान के मदरसों से शिक्षा ले चुके हैं। उनके करीबी रिश्तेदार ईरान के विभिन्न जिलों व प्रांतों में रह रहे हैं। मकबरा ग्वालटोली, नवाब दूल्हा हाता, पटकापुर, छोटे मियां हाता, गम्मू खां हाता, कर्नलगंज, जूही लाल कालोनी, जूही सफेद कालोनी जाजमऊ, मछरिया समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शिया समुदाय के लोगों में दहशत है। लोग ईरान फोन करके अपने घर परिवार वालों रिश्तेदारों की खैरियत ले रहे हैं और ईरान की हिफाजत की दुआ कर रहे हैं। बताते चलें कि ईरान और इजरायल के मध्य चल रहे युद्ध के बाद दोनों ही देशों ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिये हैं जिससे न तो कोई ईरान से आ सकता है और न ही ईरान जा सकता है। इससे देश लौटने के इच्छुक तमाम लोग वहां फंस गए हैं।



> हजारों की संख्या में कानपुर के लोगों की ईरान में रिश्तेदारी है, यहां से युवा पढ़ाई करने के लिए भी ईरान जाते हैं, रिश्तेदारियां बहुत हैं, सुबह से लोग ईरान फोन करके खैरियत लेने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन नेटवर्क इतना बिजी जा रहा है कि फोन नहीं लग रहा है।
>
> –नायाब आलम, प्रदेश महामंत्री, ऑल इंडिया शिया यूवा यूनिट, कानपुर

# डंपर की टक्कर से युवक व ममेरे भाई की गई जान

## बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर हुआ हादसा, घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर की टक्कर से बाइक चला रहे युवक व उसके 10 वर्षीय ममेरे भाई की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर की तलाश में काफी दूर तक सीसीटीवी खंगाले हैं। लेकिन, अभी टक्कर मारने वाले डंपर का पता नहीं लग सका है।


विमल व विशाल की फाइल फोटो।

लखनऊ जिला के काकोरी थानाक्षेत्र के घुरघुरी तालाब निवासी विशाल गौतम (19) पुत्र त्रिलोकी मीरखेड़ा में चाय समोसा की दुकान खोले है। करीब 10 से वह हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज गांव निवासी अपने मामा राजेंद्र के घर आया था। जहां से शनिवार को दुकान के लिए दूध खरीदने अपने मामा के 10 वर्षीय बेटे विमल को बाइक में बैठाकर लखनऊ के घुरघुरी तालाब स्थित नागेश्वर दूध मंडी जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के खपुरा मुस्लिम गांव के पास मौरंग लादकर आ रहे तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ने पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें विमल बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गया। तभी डंपर उसे रौंदता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं विशाल गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे सीएचसी लाई। जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया। लेकिन वहां इलाज शुरू होने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा है। विशाल तीन भाइयों में शुभम व मोहित से छोटा था। उसकी मौत से मां अनीता व बहन वंदना रो-रोकर बेहाल हैं। वहीं विमल की मौत से भी परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर की तलाश में काफी दूर तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। लेकिन अभी डंपर का पता नहीं लगा है। चौकी इंचार्ज अनिल साहू ने बताया कि डंपर की टक्कर से मौतें हुई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


हादसे के बाद सीसीटीवी फुटेज देखते चौकी इंचार्ज अनिल साहू। अमृत विचार

### बस से उतरे युवक को कार ने मारी टक्कर, घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ–कानपुर हाईवे स्थित बस स्टॉप के पास शनिवार को रोडवेज बस से उतर रहे नवाबगंज कस्बा के सेरसा रोड निवासी पंकज (22) पुत्र कमलेश को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। लोगों ने उसे पास के एक नर्सिंग होम पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि पंकज सेरसा रोड पर किराना की दुकान किए है। रविवार को किसी काम से कानपुर गया था। लौटते समय वह हादसे का शिकार हो गया।

## सार-संक्षेप

### पूर्व पार्षद से मारपीट कर नकदी व घड़ी छीनने का आरोप

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** कानपुर बाबूपुरवा निवासी एक पूर्व पार्षद तीन दिन पहले गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बू पुरवा में एक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनसे मारपीट की और रुपये छीन लिये। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कानपुर नगर के थाना बाबूपुरवा बेगमपुरवा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी बेगमपुरवा वार्ड 102 के पूर्व पार्षद व अल्पसंख्यक विभाग कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी पूर्व चेयरमैन मोहम्मद इरफान ने झब्बूपुरवा में एक कार्यक्रम के दौरान मारपीट और रुपये छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 12 जून की रात लगभग 10 बजे वह गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र स्थित झब्बूपुरवा में अपने दोस्त की बेटी की रिंग सेरेमनी में शामिल होने आए थे। तभी एक युवक अपने साथियों के साथ आया और गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की और उनकी जेब से 3600 रुपये व हाथ से घड़ी छीन ली। पीड़ित ने इस संबंध में गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### किशोर के लापता होने पर मामला दर्ज, जांच शुरू की

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट थाना क्षेत्र के श्रीनगर पोनी रोड निवासी जीतेन्द्र शुक्ला ने अपने 17 वर्षीय पुत्र ओम जी शुक्ला के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 7 जून 2025 को रात करीब 9 बजे घर से निकला था, जिसके बाद से उसका कोई अता–पता नहीं है। जीतेन्द्र ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में श्रीनगर निवासी मोना उर्फ रामकिशन पर अपने बेटे को अगवा करने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है तथा लापता किशोर को ढूंढने के लिए संबंधित स्थानों पर छापेमारी और सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही सकारात्मक परिणाम की उम्मीद जताई है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी, चार पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नाथूखेड़ा निवासी शंशाक पाल ने चार युवकों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि 13 जून की रात वह किसी कार्य से जा रहा था, तभी विकास, अंशु निषाद, अमित उर्फ लापड़ और एक अज्ञात युवक ने रास्ते में रोककर उसके साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी। पीड़ित को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद पुलिस ने उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। तहरीर के आधार पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### कीटनाशक निगलकर महिला ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** पति से हुई कहासुनी से आहत पत्नी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आसीवन थानाक्षेत्र के मल्हौली सरदार नगर गांव निवासी सुनीता (45) की शुक्रवार को पति मुकेश कनौजिया से कहासुनी हुई थी। इससे क्षुब्ध सुनीता ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर वह उसे मियाँगंज सीएचसी लाए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीर बता लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार को सुनीता की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मां की मौत से बेटे सचिन, सनी व अभिषेक सहित अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय, संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** बिहार थानाक्षेत्र के दूबेपुर गांव के बाहर एक युवक का शव पेड़ पर लटका देख परिजन बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिहार थानाक्षेत्र के दूबेपुर गांव निवासी राजेश रावत (35) पुत्र स्व. श्रीपाल मजदूरी करता था और वह शराब का लती था। इससे उसका घर आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं था। शुक्रवार देररात भी वह नशे में घर से बिना बताए निकल गया और वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर उसका शव नीम के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटका देखा तो सनसनी फैल गई। कुछ देर में वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। ग्राम प्रधान से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राजेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से मां सतना, भाई कल्लू व राजू रो-रोकर बेहाल हैं। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# झाड़ियों में बच्चे को छोड़ गई मां, ट्रक चालक ने बचाया

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

- एक्सप्रेस-वे पर ट्रक चालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया
- बच्चे के स्वस्थ होने की पुष्टि होने पर बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया

**अमृत विचार:** मानवता को शर्मशार करते हुए एक मां अपने दो माह के मासूम बेटे को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के किनारे झाड़ियों में बिलखता छोड़ गई। वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक ने मासूम की चीख सुनी और उसे तुरंत गोद में उठाया और अबोध बच्चा मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मासूम को सीएचसी पहुंचाया। जहां इलाज के बाद मासूम को बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया।

शनिवार तड़के बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित हवाई पट्टी की प्रथम पार्किंग किनारे झाड़ियों में एक दो माह का बच्चा बिलख रहा था। वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक ने झाड़ियों में बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो वह ट्रक से उतरकर वहां पहुंचा। जहां उसे कपड़े में लिपटा एक दो माह का मासूम मिला। उसने आनन-फानन उसे अपनी गोदी में उठाया और इसकी सूचना पीआरवी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे पीआरवी सिपाहियों ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चिकित्सीय परीक्षण कर बच्चे को पूर्ण स्वस्थ बताया। बाद में पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर बेहटा थाने के मुख्य आरक्षी जितेंद्र और महिला आरक्षी अर्चना ने शिशु को सीएचसी से चाइल्ड केयर सेंटर उन्नाव को सौंप दिया। एसपी दीपक भूकर ने इस सराहनीय कार्य के लिए पीआरवी पुलिस को पुरस्कृत भी किया है।


बच्चे को गोद में लिये पीआरवी टीम के सदस्य। अमृत विचार

# टिकट के लिए यात्रियों को उठानी पड़ रही परेशानी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के सारे दावे हवा हवाई है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों द्वारा की जाने वाली सारी यात्री सुविधाओं के दावे धरातल पर नजर नहीं आते हैं।

अभी चार दिन पूर्व हरदोई रेलवे स्टेशन पर सिंगल काउंटर रात में अनारक्षित टिकट का काउंटर संचालित होने से लंबी लाइन लग गई थी, लेकिन इसके बाद भी अब तक हालात सुधरे नहीं है। शुक्रवार की रात को एक बार फिर अनारक्षित टिकट काउंटर के बाहर रेल यात्रियों की लंबी कतार देखने को मिली। एक बार फिर हरदोई रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर एक ही संचालित होता पाया गया। एक अनारक्षित टिकट काउंटर के संचालित होने से रेल यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी जबकि कुछ रेल यात्री बिना टिकट के ही यात्रा करने को मजबूर हो गए। जिससे रेलवे को भी नुकसान हो रहा है।


अनारक्षित टिकट काउंटर पर लगी यात्रियों की लाइनें। अमृत विचार

**स्टेशन पर रात में एक रही अनारक्षित टिकट काउंटर संचालित**

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट के लिए तीन काउंटर हैं लेकिन दोपहर में दो या एक काउंटर ही संचालित होता है। जबकि रात में अधिकांश दिनों में एक ही काउंटर संचालित होता है। स्टेशन पर लगी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन भी बंद थी। ऐसे में यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी। रेलवे स्टेशन पर रात में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन बंद कर दी जाती है, ऐसे में अनारक्षित टिकट पर लंबी लाइन लग जाती है। अनारक्षित टिकट का एक ही काउंटर संचालित होने से तमाम यात्री टिकट लेने से बचते हैं और रेलवे को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हरदोई रेल अधिकारियों ने बताया कि इस संदर्भ में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## पति के खिलाफ मारपीट करने का केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर शिवगुलाम निवासी विवाहिता ने पति के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता नीतू पत्नी स्वरूप के अनुसार उसका पति नशे का आदी है। नशा करके वह आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। 12 जून की रात 8 बजे विपक्षी पति ने नशे में उसे डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने फोन पर घटना के बाबत अपने भाइयों को बताया। वह लोग बाइक से उसके घर आए तो विपक्षी ने उन्हें भी जान से मार डालने की धमकी दी। आरोप है कि सास और जेठ रमेश चंद्र उसके पति का साथ देते हैं। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समर स्पेशल ट्रेनें चल रहीं देरी से

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुविधा देने के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।गर्मी की छुट्टियों में सामान्य ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की संख्या को देखते हुए यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेन संचालित कर रहा है। इन ट्रेनों में रेल यात्री अधिक किराया देकर अपनी सीट आरक्षित कराते हैं, लेकिन समर स्पेशल ट्रेन यात्रियों को सुविधा देने के स्थान पर उनके लिए मुसीबत बनती जा रही है। हरदोई से होकर भी कई समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन होता है, लेकिन समर स्पेशल ट्रेन किसी भी दिन अपने निर्धारित समय पर रेलवे स्टेशन पर नहीं पहुंच रही है। रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली सभी समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 3 घंटे से 18 घंटे तक देरी से संचालित हो रही हैं।रेल यात्री सोशल मीडिया पर समर स्पेशल ट्रेनों के संचालक को लेकर लगातार शिकायत भी कर रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी समर स्पेशल ट्रेन के संचालन को रेल प्रशासन दुरुस्त नहीं कर पा रहा है।

**18 घंटे लेट पहुंची मुजफ्फरनगर आनंद विहार स्पेशल**

### यह स्पेशल ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची

**हरदोई।** जिले से होकर जाने वाली 04503 पटना चंडीगढ़ समर स्पेशल अपने निर्धारित समय से दोपहर 12 :48 मिनट से 4 घंटे की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, गोरखपुर से चलकर नई दिल्ली जाने वाली 04021 समर स्पेशल हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय दोपहर 2 :55 मिनट से 3 घंटे 30 मिनट की देरी से खबर लेकर जाने तक संचालित हो रही थी। आनंद विहार से चलकर मुजफ्फरपुर जंक्शन जाने वाली 05284 समर स्पेशल अपने निर्धारित समय दोपहर के 1 :09 मिनट से 13 घंटे 23 मिनट की देरी से खबर लिखे जाने तक संचालित हो रही थी। मुजफ्फरपुर जंक्शन से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली 05283 समर स्पेशल हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय शुक्रवार रात 9 :38 मिनट से 18 घंटे की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची।समर स्पेशल के घंटों विलंब से पहुंचने से रेल यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। समर स्पेशल के घंटो की देरी से संचालित होने पर भीषण गर्मी में रेल यात्रियों के सामने पीने के पानी को लेकर भी संकट खड़ा हो जाता है।

# छत से गिरकर युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दोपहर में कपड़े फैलाने मकान की छत पर गए युवक का पैर फिसला और नीचे गिर पड़ा। उसे सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के कुल्लही निवासी 40 वर्षीय विनोद कुमार पेशे से ड्राइवर था। शुक्रवार की दोपहर विनोद कुमार घर में था,उसी बीच वह कपड़े फैलाने मकान की छत पर पहुंचा था,उसी बीच उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची, विनोद को बेहोशी की हालत में सीएचसी पिहानी पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। विनोद इकलौता बेटा था, उसकी एक बड़ी बहन है। पिता मदनपाल ने बताया कि विनोद के परिवार में उसकी पत्नी गीता और तीन बेटे व दो बेटियां है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर निवासी युवती द्वारा बीते माह कोतवाली में दी गई। तहरीर में बताया गया था कि सलेमपुर निवासी अमरीश युवती को शादी का झांसा देकर काफी दिनों तक अवैध सम्बन्ध बनाता रहा, और बाद में शादी करने से मना कर दिया। तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामले से सम्बन्धित अभियुक्त अमरीश को गिरफ्तार किया है।

# अधिवक्ता को पिकअप ने रौंदा, मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार अधिवक्ता को टक्कर मार दी, इसके बाद सड़क गिरे अधिवक्ता को पिकअप वाहन रौंदते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।

कोतवाली शहर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी 43 वर्षीय अधिवक्ता विनीश शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला शुक्रवार देर रात को बाइक से वापस लौट रहे थे। जेल रोड पर शहीद उद्यान के गेट के सामने पहुंचते ही तेज़ रफ्तार पिकअप टक्कर मार कर उन्हे रौंदते हुए निकल गई,जिससे अधिवक्ता विनीश शुक्ला की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है। बताते हैं कि अधिवक्ता के पिता रमेश शुक्ला, मां और बड़े भाई मनीष शुक्ला की पहले ही मौत हो चुकी थी, विनीश से छोटे दो भाई आशीष शुक्ला और नितीश शुक्ला के अलावा एक बहन है, जोकि लखनऊ में ब्याही है। विनीत के परिवार में पत्नी और 10 साल की बेटी है। हादसे की खबर सुनते ही पूरे घर में कोहराम बरपा हो गया।


विनीश शुक्ला की फाइल फोटो।

अधिवक्ता विनीश शुक्ला की मौत की खबर सुन कर उनके घर पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई,अंदर सुहाग उजड़ने पर पत्नी,पिता का साया छिन जाने से बेटी,हाथ पर रक्षा की डोर बांधने वाली बहन और भाई नहीं बल्कि अच्छा दोस्त खोने वाले भाइयों के चीखने-चिल्लाने की आवाज़ काफी दूर तक सुनाई पड़ रहीं थीं,उनकी आवाज़े सुन रहे लोगों को देख कर महसूस किया जा सकता था कि हादसे ने उन्हे अंदर तक तोड़ दिया,उनकी डबडबाई आंखे सारी दास्तां बयां कर रहीं थी।

## महिला कौशल विकास पर किया गया संवाद

**हरदोई, अमृत विचार।** नारी सशक्तिकरण के साथ ही राष्ट्रीय एवं सामाजिक चेतना जगाने के लिए बहादुर बेटियां फाउण्डेशन की ओर से महिला कौशल विकास और वैचारिक संवाद कार्यक्रम आर आर कालेज में आयोजित शिविर में चलाये जा रहे हैं। फाउण्डेशन की जिलाध्यक्ष कुसुमलता गुप्ता रेशमा ने समर कैम्प में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आत्मरक्षा से जुड़े सिलाई कढ़ाई, ड्राइविंग, नृत्य-संगीत, जूडो-कराटे मार्शल आर्ट आदि कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागी बालिकाओं ने अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच शनिवार को राष्ट्र सेविका समिति का संवाद कार्यक्रम हुआ।

# फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पंक्चर की दुकान चलाने वाले अधेड़ का शव फंदे से लटका मिला। मृतक के रिश्तेदार ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कोतवाली शहर के राधा नगर बिलग्राम चुंगी निवासी 50 वर्षीय इरशाद करीब 10 सालों से बिलग्राम रोड पर कसरावां पेट्रोल पंप के सामने पंक्चर बनाने की दुकान करता था। शनिवार की सुबह कुछ राहगीरों ने उसका शव वहीं पर एक पेड़ पर फंदे से लटका देखा। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में पूछताछ शुरु कर दी है। बताया गया है कि जिस पेड़ में फांसी लगाने की बात कही जा रही है, वह काफी छोटा है,दूसरे यह कि अधेड़ के पैर पूरी तरह से ज़मीन पर टिके हुए थे। अधेड़ इरशाद के भांजे रेहान का कहना है कि कोई ऐसी बात नहीं थी जो आत्महत्या करने की बात कही जा सके, उसका आरोप है कि हत्या करने के बाद शव लटकाया गया। इरशाद के परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निकास न होने से सड़क पर बह रहा घरों का पानी

संवाददाता, सुरसा, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुशियापुर के मजरा मझिला गांव की गंदगी व नालियों का पानी सड़क तक बह रहा है। सुबह से शाम तक इसी हाईवे से रोजाना हजारों वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। पानी का निकास न होने से पीडब्ल्यूडी की रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं।

शासन की तरफ से नाली निर्माण के नाम पर कई लाखों का बजट भेजा जा चुका है, लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव ने नाली का निर्माण कागजों पर ही दिखा दिया, लेकिन धरातल पर यह योजना नहीं उतर पा रही है। गांव में नाली निर्माण न कराये जाने से घरों का पानी सड़क तक भरा रहता है, जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों का अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब यह गंदगी सड़क तक पहुंच गई है, जिससे हाईवे का डामर रोड क्षतिग्रस्त हो रहा है और हादसे की संभावना बढ़ गई है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा लंबे समय से कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया, जिससे गांव की हालात बदहाल हो गई है। मार्ग का नाम बिलग्राम रोड निकट मझिला गांव की हालत मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है, जिससे जल भराव बना हुआ है। लोगों को आए दिन हादसे का सामना करना पड़ रहा है।


सड़क पर बहता गांव के घरों से निकला पानी। अमृत विचार

## संकल्प सभा में बताईं सरकार की उपलब्धियां

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** भरावन में प्रधान कार्यालय पर भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण की संकल्प सभा का आयोजन किया गया। भरावन में प्रधान कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प सभा में मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने सम्बोधित किया। सांसद ने बताया भाजपा सरकार सुरक्षा, सुशासन, शिक्षा, गरीब कल्याण योजना, स्वास्थ्य योजना सभी नीतियों पर कार्य कर रही है। भरावन ग्राम प्रधान राजेश अवस्थी ने बताया आम जन की समस्याओ का निवारण हमारी प्रथम जिम्मेदारी है।

# ट्रक चालक ने पत्नी पर किया फॉयर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गाजियाबाद से घर पहुंचे ट्रक ड्राइवर का पत्नी से विवाद हो गया। उसी बीच पति ने तमंचे से पत्नी पर फॉयर कर दिया। गनीमत रही कि गोली पत्नी के हाथ में लगी जिससे उसकी जान बच गई। घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया गया है, उधर हमलावर पति को तमंचे और कारतूस के साथ दबोच लिया।

लोनार थाने के कस्बा बावन के मोहल्ला खेड़ा निवासी अफसार पेशे से ट्रक ड्राइवर है। अफसार ट्रक लेकर गाज़ियाबाद गया था। शनिवार की सुबह वहां से वापस लौटा। बताते है कि घर पहुंचते ही अफसार पत्नी शबाना (28) से नोंकझोंक करने लगा। शबाना कुछ समझ पाती, उससे पहले ही उसने तमंचे से गोली चला दी। गोली उसकी पत्नी के हाथ में लगी और वह वहीं पर गिर पड़ी। उसके बाद आरोपी पति मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शबाना को सीएचसी बावन पहुंचाया। जहां से उसे एक्स-रे के लिए सीतापुर रेफर किया गया है। कुछ देबर पुलिस ने आरोपी पति को तमंचे के साथ दबोच लिया। सीओ हरपालपुर शिल्पा कुमारी भी गांव पहुंची और पूरे मामले की पड़ताल की। एसएचओ लोनार उमेश त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई है, उसके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घायल महिला से जानकारी लेती पुलिस।





# दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल का इंतजार खत्म किया

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

लंदन, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉड्र्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर :** ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

**मारक्रम ने पूरा किया काम :** जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

**मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी :** मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | 138 रन |
| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | 207 रन |

### दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी

**282/5** (83.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ■ एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड | 136 |
| ■ रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| ■ वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| ■ तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस | 66 |
| ■ ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क | 08 |
| ■ डेविड बेडिंघम नाबाद | 21 |
| ■ काइल वेरेने नाबाद | 04 |

गेंदबाजी : स्टार्क 14.4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0





दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉड्र्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।





प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी

### कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही, लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।

### टेस्ट मैचों में मारक्रम की सर्वश्रेष्ठ पारी: पीटरसन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने एडेन मारक्रम के शतक को टेस्ट मैचों में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा खेली गई 'सर्वश्रेष्ठ पारी' करार दिया। पीटरसन ने कहा संभवत: टेस्ट मैच क्रिकेट में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी। अगर आप दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट इतिहास को देखें तो यह शायद सबसे आक्रामक या मनोरंजक पारी नहीं कही जाएगी। लेकिन पहली पारी में विफल होने के बाद के दबाव को ध्यान में रखते हैं, तो यह असाधारण था।

## एक नजर



अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

### मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) :** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

### चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

**पेरिस :** लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी



नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

## दक्षिण अफ्रीका की 'उम्मीदों' का पर्याय बने तेम्बा

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बनने से पहले की उनकी बल्लेबाजी औसत के लिए उनका मजाक उड़ाया। उन्हें शारीरिक बनावट को लेकर शर्मिंदा किया गया। बावुमा नाम से मिलती-जुलती गाली का सहारा लिया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका के नये विश्व टेस्ट चैंपियन कप्तान तेम्बा बावुमा के लिए यह सफलता उनके नाम में छुपा था। उन्हें 'तेम्बा' नाम उनकी दादी ने दिया, जिसका दक्षिण अफ्रीका के जुलु भाषा में अर्थ 'उम्मीद' होता है।

अपने नाम की तरह ही तेम्बा ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और अपने सबसे चहेते लॉड्र्स मैदान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिला दिया। मैच के चौथे दिन शनिवार को काइल वेरेने ने जैसे ही विजयी रन बनाए, बावुमा ने अपने चेहरे को अपनी हथेलियों से ढक लिया, जबकि उसके आस-पास के अन्य लोग खुशी से झूम रहे थे। वह शायद अपनी नम आंखों को छिपाना चाहते थे, टीम के साथी केशव महाराज की तरह गला रुंधना नहीं चाहते थे, लेकिन 27 वर्षों में दक्षिण अफ्रीका को उसकी पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाने के बाद उनके चेहरे पर सबसे ज्यादा चमक थी।

वह इस देश को क्रिकेट का वैश्विक खिताब दिलाने वाले पहले अश्वेत कप्तान है। महज 63 इंच कद के इस खिलाड़ी के सामने 10 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम मैच के अहम तीसरे दिन बेबस दिखी। यह सिर्फ एक क्रिकेट टीम की जीत नहीं है, बल्कि उन सभी अश्वेत दक्षिण अफ़्रीकी लोगों की जीत है, जिन्होंने वर्षों तक रंगभेद के दौर को झेला है।

### गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।

## बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

नयी दिल्ली, एजेंसी

● एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।





## प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

## महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

लंदन, एजेंसी

● तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

### जीत का संघर्ष



एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

## आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को


एफआईएच प्रो लीग

एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।



भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

## टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया : प्रसिद्ध

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी



● भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं आईपीएल वाली फार्म

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं।

चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।

उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है।

## तिरंगे से रोशन आसमान



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल-सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। एजेंसी

# नार्को टेस्ट

## सच सामने लाने की तकनीक

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।



### क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णत: सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

### कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध-चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

### कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

### कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म-अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

## एक नजर

### मोदी 15 से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

### मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोईजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफाल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है।

### परिवार ने जहर खाया, तीन बच्चों की मौत, दंपति गंभीर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के परलकोट विलेज-70 की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया। तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति-पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

**भुवनेश्वर/चाईबासा।** ओडिशा-झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

### कामरा पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाने वाले गीत को लेकर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने एक्स पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही के बारे में समाचार को रीट्वीट किया और लिखा, वास्तविक विशेषाधिकार हनन लोगों को हर दिन परिवहन में मरने देना है। कामरा इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में हुए लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत की घटना की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

## इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता



तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, ''दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

### ईरान के पास विशाल शस्त्रागार, जो इजराइल के लिए खतरा



राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60-दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा। लक्षित हमलों में ईरान के सैन्य नेताओं और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत पर अजार ने कहा कि हमलों का उद्देश्य इजराइल को तबाह करने की आपराधिक साजिश को विफल करना है। उन्होंने कहा, इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों को मिटा दिया गया है। हमें उम्मीद है कि उनके उत्तराधिकारी सबक सीखेंगे और ऐसी हरकतें करना बंद कर देंगे।

### इजराइली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा

**दुबई।** ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

### पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को लक्षित करेगा ईरान

**तेहरान।** ईरानी सेना ने कहा कि वह इजराइल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजराइल की ओर से किए हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक एजेंसी ने शनिवार को अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया। यह युद्ध इज़राइली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था।

# ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**



इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।


### हमलों के बाद अमेरिका से वार्ता निरर्थक : ईरान

**दुबई।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता निरर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है।

# भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।




यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

# नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने में दो को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से ठगी के आरोप में महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों ने दावा किया था कि वे अंकों में हेरफेर कर सकते हैं और इसके लिए वे प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये वसूल रहे थे।

सीबीआई के अनुसार, संदीप शाह (सोलापुर) और सलीम पटेल (नवी मुंबई) ने दावा किया था कि उनके राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) से संपर्क हैं और वे अभ्यर्थियों के अंक बढ़वा सकते हैं। एजेंसी को तीसरे आरोपी की तलाश है और उसे पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर प्रति अभ्यर्थी 90 लाख तक की मांग की थी, बाद में मेधा सूची में स्थान सुनिश्चित कराने के लिए बातचीत के दौरान राशि घटाकर 87.5 लाख कर दी थी। सीबीआई ने बताया, आरोपियों के मोबाइल फोन में उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और लेनदेन के साक्ष्य हैं।

# मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद हुए बरामद

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक हैं। अधिकारी घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की जानकारी के बाद अभियान शुरू हुआ। यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग्स प्रदर्शन की तैयारी

**फिलाडेल्फिया, एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में नो किंग्स नाम से शनिवार को होने वाले प्रदर्शन की बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। अधिकारियों ने लोगों से शांति की अपील की है। इस प्रदर्शन की तैयारी ऐसे समय चल रही है जब नेशनल गार्ड के जवान एकत्र हुए हैं और ट्रंप सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में एक सैन्य परेड में शामिल हुए हैं।

फिलाडेल्फिया में नो किंग्स मार्च और रैली की योजना बनाई गई है, लेकिन वाशिंगटन में कोई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना नहीं है, जहां ट्रंप के जन्मदिन पर सैन्य परेड होगी। अमेरिका के कई शहरों में पहले ही संघीय आव्रजन प्रवर्तन छापों और ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों और मरीन को लॉस एंजिलिस भेजने के आदेश के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और इनसे उन्हें (रैली के आयोजकों को) और बल मिल रहा है। आव्रजन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कारों को आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, रबर की गोलियों और फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है, जबकि लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों के गवर्नर ने ट्रंप द्वारा गार्ड तैनाती को सत्ता का खतरनाक दुरुपयोग करार दिया है। उनका कहना है कि फैसला दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन स्थानीय कानून प्रवर्तन पर भरोसा नहीं करता है।



**पराक्रम की गाथा** — डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

## प्रमुख ने कहा- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

**हैदराबाद, एजेंसी**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।



उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे।

### स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिजेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को 'प्रेसिजेंट्स कमीशन' प्रदान किया। इस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान किए गए।